खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C
बरेली, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 309 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली बवालः रडार पर आरोपियों के मकान, इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ा पेज 2



बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने खेल टाइम्स




राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक सम्पादकीय



अमेरिका में साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे गए पेज 12

# राज्य पाठ्यक्रम लागू करने वाले मदरसों को ही मिलेगी मान्यताः धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ ही यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पृथक राज्य आंदोलन के दौरान हुए रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी पर मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन



किया और उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलन कारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपना वर्तमान बलिदान कर दिया।

**■ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहाः संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए**

हमारी सरकार आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इन आंदोलनकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड के रूप में पृथक राज्य का गठन संभव हुआ। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना इसके तहत हरी चादर बिछाकर मजार बनाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले इस अभियान में सरकार ने अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। दंगा निरोधी कानून बनाकर दंगाइयों से ही नुकसान की भरपाई की व्यवस्था कराई है। मदरसा बोर्ड की कबिलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को -**शेष पृष्ठ दो पर**



**नई दिल्ली। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर विजय घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 मरे व यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितम्बर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## लेह हिंसा मामले में गिरफ्तार 26 लोगों को अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए बिहार के दो प्रवासियों सहित 26 लोगों को लेह की एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अधिक स्वायत्तता और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर लेह में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल के 15वें दिन यह झड़पें हुई थी। श्री वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेज दिया गया था, जिन्हें अदालत ने ज़मानत दे दी।

## लेह हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** लद्दाख प्रशासन ने 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लेह के जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी नुबरा मुकुल बेनीवाल को उन परिस्थितियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, जिनके कारण कानून-व्यवस्था बिगड़ी और पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी। इस जांच रिपोर्ट को चार हफ्तों में सौंपने का आदेश दिया गया है।

# पाक ने किया दुस्साहस, तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाबः राजनाथ

## विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी

कच्छ ( गुजरात ), वार्ता

**यदि पाकिस्तान** की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भारतीय सेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि



**■ पाकिस्तान की नीयत में खोट है: रक्षा मंत्री**
**■ बोलेः भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है**

समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है। दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है।

### राजनाथ सिंह ने की एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा

**कच्छ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां एल-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। एल-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में एल-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिये इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है।

# लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतराः राहुल गांधी

कोलंबिया, वार्ता

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया, तो देश में दरारें गहरी होंगी। कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है।




### विदेश में देश की छवि खराब करना राहुल की आदत

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं और लोकतंत्र की आलोचना का अवसर पाकर देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने फिर से विदेशी मंच पर भारत को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि लंदन में लोकतंत्र की बदनाम, अमेरिका में संस्थानों का मजाक बनाने के बाद अब कोलंबिया में राहुल गांधी ने भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर ठेस पहुंचाई।

## निर्भरता भारत की मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया।

**■ भागवत ने कहाः पहलगाम हमले से दोस्त व दुश्मनों का पता चला**

इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयदशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया रावण दहन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मैदान पर श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया।

उन्होंने कहा कि मानवता अच्छाई की जीत से फलती-फूलती है और भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के



रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है। जब आतंकवाद का दानव मानव जाति पर आक्रमण करता है, तो उसका वध करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है।

**■ दिल्ली में बारिश के चलते पीएम मोदी का कार्यक्रम रद्द**

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# भारत-यूरोप के चार देशों में फ्री ट्रेड समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के समूह ईएफटीए के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) बुधवार से लागू हो गया।

यह भारत का इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ पहला एफटीए है। समझौते की खास बात यह है कि इसमें पहली बार निवेश और रोजगार से जुड़ी बाध्यकारी प्रतिबद्धता शामिल है। यानी ये चारों देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर (करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेंगे। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख नौकरियां पैदा



होंगी। ईएफटीए ने देश के 99.6 फीसदी निर्यात (92 फीसदी टैरिफ लाइनों) पर शुल्क छूट दी है। भारत ने भी 82.7 फीसदी टैरिफ लाइनों पर रियायतें दीं। हालांकि फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सोया, कोल और कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील सेक्टर को इस समझौते में सुरक्षा दी गई है। गोल्ड पर कोई बदलाव नहीं

**■ 15 साल में मिलेंगे 10 लाख जॉब, नौ लाख करोड़ का होगा निवेश, सब्जियां -कपड़े सस्ते होंगे**

होगा, क्योंकि भारत का 80 फीसदी से ज्यादा ईएफटीए से इंपोर्ट गोल्ड का ही होता है। आईटी, शिक्षा, बिजनेस सेवाएं और ऑडियो-विजुअल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में समझौते से भारतीय पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। आयात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) घटने से कई यूरोपीय उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते मिलेंगे। भारत में स्विट्जरलैंड की वाइन, चॉकलेट, कपड़े, बिस्किट, अंगूर, ड्राई फ्रूट्स, सब्जियां, कॉफी और घड़ियों जैसे कई प्रोडक्ट सस्ते हो जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या में दोषी ब्रिटिश पत्नी को मिली मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के गांव बसंतापुर में नौ साल पहले एनआरआई सुखजीत सिंह की हत्या में दोषी पत्नी रमनदीप कौर को मिली मौत की सजा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दी है। वहीं पत्नी के प्रेमी गुरप्रीत को सुनाई गई उम्रकैद को बरकरार रखा है। रमनदीप कौर और गुरप्रीत सिंह की ओर से शाहजहांपुर के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील की गई थी। इस अपील पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने फैसला सुनाते कहा कि वक्त अदालत को कल्पना और पूर्वाग्रह से दूर रहना चाहिए, ताकि फैसला तर्कसंगत हो। सुखजीत ने जालंधर की मूल निवासी और इंग्लैंड के डर्बी शहर निवासी रमनदीप कौर से सन 2000 में शादी की थी।

### राष्ट्रपति मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने दी गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

# पीलीभीत में बुखार का कहर, चार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद के बीसलपुर कोतवाली के गांव रसिया खानपुर में एक सप्ताह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बुखार से चार लोगों की जान जा चुकी है। 100 से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं।

डेंगू की बात भी कही जा रही है। आरोप है कि जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य टीम अब तक गांव नहीं पहुंची है। गांव के नाजिम हुसैन चिश्ती ने बताया कि उनके चाचा इज्रातुल्ला चिश्ती (65 वर्ष) पांच दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गए थे। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी गांव के शौकत हुसैन ने बताया कि उनकी बहन तसर्रुम (18) चार दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गई थी। उसे भी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव निवासी जान मोहम्मद का 20 दिन का बेटा भी काल के गाल समा गया। परिजन के मुताबिक उसे भी बुखार था। रामआसरे की पत्नी सुनीता (47 वर्ष) की भी बुखार से मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव के 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में है। हर घर में मरीज है। कुछ मरीजों का उपचार बीसलपुर और कुछ का बरेली के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

### अपहरण के मामलों में गाजियाबाद और कानपुर से आगे निकला लखनऊ

**लखनऊ।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजधानी में वर्ष 2023 में अपराध के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में यूपी के तीन शहर शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद और कानपुर से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो लखनऊ में अपराध की स्थिति बताने के लिए काफी है। खास बात यह है कि लखनऊ हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा अपहरण जैसे संगीन मामले में भी गाजियाबाद और कानपुर से बहुत आगे है। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद से 20 गुणा से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं, कानपुर से दोगुना मामले सामने आए। इन आंकड़ों ने राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बापू-शास्त्री के सपने साकार कर रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, वार्ता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। पीएम मोदी के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है।



■ जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगदान को किया याद

### आज भारत का ब्रांड है स्वच्छता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है।

### दीपावली के पूर्व हर जिले में स्वदेशी मेला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें।

## बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान

# मार्केट-बारातघर व सौ संपत्तियां चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपियों के मकान, मार्केट व बरातघर जिला प्रशासन के रडार पर हैं। अधिकारी उनका रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) मानचित्र के विपरीत कराए गए निर्माण को चिह्नित कर रहा है। दशहरे के बाद उनको सील किया जा सकता है। अब तक गिरफ्तार हुए 82 आरोपियों और उनकी सौ से अधिक संपत्तियों की सूची अधिकारियों के पास है। इसी सूची के आधार पर आरोपियों के आवासीय भवन, मार्केट और बरातघर आदि की लोकेशन खंगाली जा रही है।

पुलिस से मिली सूची के आधार पर बीडीए ने आरोपियों और उनके मददगारों की सौ से अधिक संपत्तियों को चिन्हित किया है। मौके पर कराए गए निर्माण का मानचित्र से मिलान कराया जाएगा। मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन या कोई अन्य कमी पाए जाने पर पहले स्थल को सील करेंगे, फिर नोटिस देकर संबंधित का पक्ष सुनेंगे। अवैध निर्माण की पुष्टि हुई, तो बीडीए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकेगा। कुछ भवनों पर नोटिस चस्पा किए हैं। कुछ भवन ऐसे भी हैं, जो बिना नक्शा पास कराए बना दिए गए। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ये पहले ही कह चुके हैं कि बवाल के आरोपियों पर बीडीए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए डिटेल स्टडी की जा रही है। विधिक पक्ष का भी आकलन किया जा रहा है। मौलाना तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में जेल गए फरहत खां का फाइक एन्क्लेव स्थित तीन मंजिला मकान शुक्रवार को बीडीए सील करेगा। इससे पहले फरहत के परिजनों को मकान खाली करना होगा। बारादरी थाने की पुलिस ने बीडीए का नोटिस फरहत की पत्नी खुशनसीब को सौंपा है। बीडीए के सक्षम प्राधिकारी की ओर से फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत खां के नाम जारी नोटिस में लिखा है कि 120 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया गया है। इसके विरुद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितम्बर को वाद दायर किया गया है। अधिनियम के तहत भवन को तीन अक्तूबर तक सील किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए तीन अक्तूबर से पहले भवन को खाली कर दें। घर पर मिली फरहत की बहू शाहीन का दावा है कि उनकी सास खुशनसीब की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेटी फिजा के साथ रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। हमारा मकान अभी का नहीं है।



■ तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोपी फरहत का घर किया जाएगा सील

### बरेली में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया चार जिलों में पुलिस बल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल के चार जिलों में दशहरा के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान सड़कों पर तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए ड्रोन हवा में उड़ान भर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी आदेश दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्राडबैंड और एसएमएस सेवाएं 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी।

# पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन

मिर्जापुर/वाराणसी।

प्रख्यात शास्त्रीय गायक और पद्मविभूषण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद मिर्जापुर मएं निधन हो गया। वह अपनी बेटी नम्रता मिश्र के साथ मिर्जापुर स्थित आवास पर रह रहे थे। नम्रता मिश्र ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

पं. मिश्र पिछले कई महीनों से अस्वस्थ थे। 11 सितम्बर को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मिर्जापुर के एक अस्पताल मएं भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू रेफर किया। 13 से 27 सितम्बर तक बीएचयू में उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें मिर्जापुर लाया गया था। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पं. मिश्र टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों के संक्रमण सहित कई बीमारियों से पीड़ित थे। पं. छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनके दादा गुदई महराज प्रख्यात तबला वादक थे, जबकि पिता बद्री प्रसाद मिश्र संगीत के विद्वान थे। पं. मिश्र ने अपने पिता और उस्ताद अब्दुल गनी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी। वह ख्याल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन गायन के लिए विख्यात थे। उनका होली गीत 'खेले मसाने में होली' विशेष रूप से लोकप्रिय रहा।



■ काशी के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 161000
प्रति किलो

# एटीएम-डेबिट कार्ड के लिए वार्षिक शुल्क नहीं

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी नि:शुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी नि:शुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी। ग्राहक की मर्जी के अनुरूप पासबुक और मासिक लेखाजोखा भी बिना किसी शुल्क के प्रिंटेट या डिजिटल स्वरूप में नि:शुल्क देना होगा। हर महीने कम से कम चार बार पैसे निकालने (ट्रांसफर के जरिये या एटीएम से) की सुविधा भी नि:शुल्क होगी। इसमें डिजिटल माध्यम से किए गए लेनदेन जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि शामिल नहीं होंगे। साथ ही प्रारूप निर्देश में यह भी कहा गया है कि बैंक बीएसबीडी खाता खोलते समय उसमें कुछ राशि जमा कराने के लिए ग्राहक पर दबाव नहीं डालेंगे। बैंकों को खाता खोलने के लिए आने वाले लोगों को इन खातों के बारे में जागरूक करना होगा और अन्य बचत खातों तथा इनमें अंतर के बारे में बताना होगा। कोई ग्राहक अपने मौजूदा बचत खाते को शाखा में या ऑनलाइन आवेदन देकर बुनियादी बचत बैंक जमा खाते में बदलवा सकेगा, हालांकि ऐसा करने के बाद उसे उस बैंक में अपने अन्य बचत खातों को 30 दिन के अंदर बंद कराना होगा।





### दशहरा पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार दशहरा के अवसर पर सोना-चांदी की कीमतों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,920 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 161,000 रुपये के भाव से करोबार कर रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार सुबह मामूली बढ़ोतरी देखी गई। 24 कैरेट सोने का भाव 1,17,332 प्रति दस ग्राम दर्ज किया गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,400 , मुंबई में 1,19,250 , चेन्नई में 1,18,690 , कोलकाता में 1,19,250, अमृतसर में 1,19,400 , लखनऊ में 1,19,400 और जयपुर में 1,19,400 रुपये दर्ज किया गया। चांदी के भाव की बात करें तो नई दिल्ली में 1,55,591 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 1,50,900, कोलकाता में 1,51,100 और चेन्नई में 1,61,100 रुपये प्रति किलो रहा। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, चीनी और दालों के भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी और दालों के दाम बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 62 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,450 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.57 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 31 रुपये टूटकर 3,792.50 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 36 रुपये बढ़कर 2,868.24 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 52 रुपये बढ़े और यह 3,347.46 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 30 रुपये टूट गई। सूरजमुखी तेल 21 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 93 रुपये और पाम ऑयल की 152 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति के दाम 207 रुपये और मूंगफली तेल के 120 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 92 रुपये और उड़द दाल की 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चना दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 91 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7906.25 रुपये, मसूर काली 8172.79 रुपये, मूंग दाल 10155.41 रुपये, उड़द दाल 10501.61 रुपये, अरहर दाल 10574.97 रुपये प्रति क्विंटल।



### गांधी ने आरएसएस को कहा था 'सर्वसत्तावादी नजरिया रखने वाला सांप्रदायिक' संगठन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक 'सांप्रदायिक' संगठन बताया था और उनके इस कथन के पांच महीने बाद, तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि गांधीजी, आरएसएस को 'सत्तावादी सांप्रदायिक संगठन' कहा करते थे। रमेश ने इसके लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे प्यारेलाल की सन 1956 मएं लिखी एक पुस्तक 'महात्मा गांधी: द लास्ट फेज' का हवाला भी दिया। रमेश ने कहा कि इस किताब के दूसरे खंड के पृष्ठ 440 पर प्यारेलाल ने, महात्मा गांधी और उनके एक सहयोगी के बीच हुई बातचीत का उल्लेख किया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राज्य पाठ्यक्रम....** समाप्त किया और 250 से ज्यादा अवैध मदरसे बंद कराए गए। अब एक जुलाई 2026 से हमारी सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति हमारी सरकार कृतज्ञ है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने बड़े काम किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, नि:शुल्क यात्रा व्यवस्था, इन परिवारों की तलाकशुदा और विधवा बेटियों को भी सरकारी नौकरी हमारी सरकार दे रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के धर्म व संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति एवं साहित्य कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल सहित भाजपा से जुड़े उत्तराखंड और यूपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर परिवार सालाना पांच हजार रुपये का खादी का सामान खरीदे: शाह

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है।

शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना, जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी मएं दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनाएं अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे।

चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं, तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से खादी और स्वदेशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिए। खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



■ गृहमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडप्रैक्टिस पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



अमरोहा। रामलीला ग्राउंड में धूं-धूंकर जलता रावण का पुतला

# बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतले दहन

## जिले भर में धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भगवान राम के शक्ति तीर से दस सिर वाले रावण का वध हो गया। इसके बाद हर तरफ जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों ने इस दिन बुराईयों को त्यागने का संकल्प लिया। मेले में लगी दुकानों से जमकर खरीदारी की गई।

जिले में विजय दशमी का पर्व धूमधाम व पूरी आस्था से मनाया गया। इस दौरान भगवान राम और रावण के युद्ध का मंचन हुआ। रामलीला मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। युद्ध में जब रावण के सभी योद्धा एक के बाद एक मृत्यु को प्राप्त हो जाते है तो वह स्वयं भगवान राम से युद्ध करने के लिये जाता है। इस दौरान दोनों के बीच भीषण युद्ध होता है। कई शक्तियों का स्वामी रावण भगवान राम के सभी अस्त्र बेकार कर देता है। दोनों के बीच जारी इस युद्ध को देखने के लिये देवता भी आते है। जब काफी समय तक भगवान राम और रावण के बीच युद्ध चलता है तो इस बीच विभीषण श्रीराम से कहता है कि प्रभु जब तक रावण की नाभी को निशाना बनाकर वार नहीं किया जायेगा तब तक उसका अंत संभव नहीं है। यह सुनते ही भगवान राम ने विभीषण की बात पर गौर करते रावण की नाभी को निशाना बनाकर तीर छोड़ा। इसके बाद रावण का अंत हो जाता है। चारो तरफ खुशी की लहर दौड़ जाती है। देवता प्रभु राम पर पुष्प वर्षा करते है। चारों तरफ जय श्रीराम के नारों की गूंज सुनाई देती है। हर कोई इस खुशी के पल को यादगार बनाने के लिये उतावला नजर आता है। आज विजयदशमी पर रामलीला मैदान में बराई के प्रतीत रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। जिसे देखने के लिये बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचे। भीड़ का आलम यह था कि सांय के समय रामलीला मैदान में पांव रखने की जगह भी नहीं बची थी। लोग अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे। बच्चों व महिलाओं ने भी मेले का लुत्फ उठाया। यहां उनकी पंसद के स्टाल भी लगे थे।लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा के लिहाज से यहां पुलिस बल भी तैनात किया गया था। जबकि असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिये सादी वर्दी में पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। महिला पुलिस कर्मियों की भी यहां तैनाती की गई थी। जबकि प्रबंध समिति द्वारा लगातार लोगों को लाउड स्पीकर से जागरूक किया जा रहा था। जेब कतरों व मोबाइल चोरों से सावधान रहने का एनाउंस बार-बार हो रहा था।

### सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भारी भीड़

**अमरोहा** मेले में लगी सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ लगी रही। दुकानदारों को फुर्सत नहीं मिल रही थी। मेले में महिलाओं और युवतियों ने अपनी पंसद का सौंदर्य का सामान खरीदा। यहां कई दुकानों इसी की सजी थी। जिन पर सारा दिन उनकी भारी भीड़ रही। दुकानदारों को फुर्सत नहीं मिल रही थी। महिलाओं व युवतियों को आकर्षित करने के लिये दुकानों पर एक से बढ़कर एक आइटम सजा था। जिसे खरीदने में उन्होंने काफी दिलचस्पी दिखाई। उधर बड़ा बाजार में भी चांट पकौड़ी की दुकानें सजी थी। जिन पर लोगों की भीड़ दिखाई दी।

### मिट्टी के बर्तनों की खूब हुई खरीदारी

**अमरोहा** विजय दशमी के त्यौहार पर लगे विशाल मेले में मिट्टी के बर्तनों की दुकानें भी सजी थी। जिन पर खरीदारों की भारी भीड़ रही। किसी ने कूंडा तो किसी ने चिलम खरीदी। जबकि मिट्टी की हांडी की आज भी डिमांड दिखाई दी। मेले में कई दुकानें मिट्टी के बर्तन की हर साल की तरह इस साल भी सजी थी। जिन पर खरीदारों की भीड़ रही। लोगों में आज भी मिट्टी के बर्तनों का क्रेज बरकरार है। सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों इन दुकानों से खरीदारी की। किसी ने हुक्के के लिये चिलम खरीदी तो किसी ने मिट्टी के गिलास लिये। कोई गुल्लक खरीदता दिखाई दिया तो किसी ने दूध चलाने के लिये हांडी खरीदी। इस मेले में हर साल मिट्टी के बर्तनों की जमकर खरीदारी की जाती है।

### हिन्दू कालेज मार्ग पर नहीं चले वाहन

**अमरोहा** भीड़ को कंट्रोल करने तथा जाम की समस्या से निजात पाने के लिये प्रशासन ने इस मार्ग पर वाहनों का प्रवेश बंद रखा। अम्बेडकर पार्क पर बैरिकेटिंग कर दी गई। जबकि हिन्दू इंटर कालेज के चौराहे पर भी अवरोधक लगा दिये गये। जिससे मेले में आने वाले लोगों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े। दोनों तरफ पुलिस बल तैनात किया गया था। जो यहां आने वाले वाहनों को पहले ही दूसरी दिशा में मोड़ देता था। जिस कारण यहां जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ा। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के लिये प्रशासन ने रूट डायवर्ट कर दिया। जिसकी सूचना पहले ही वाहन स्वामियों को मिल गई थी। इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन बाजार से होकर गुजरे। जहां कई बार जाम लगा रहा।

### रामलीला में लक्ष्मण-शक्ति का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। रामलीला में लक्ष्मण शक्ति व हनुमान रावण संवाद का मंचन किया गया। पतेई खालसा गांव में चल रही रामलीला में सबसे पहले लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग का मंचन हुआ। जब लक्ष्मण शक्ति बाण से मूर्छित हो जाते हैं तो सारा वातावरण भावुक हो उठता है जबकि गांव इकौंदा में चल रही रामलीला में सती प्रसंग का मंचन हुआ। सलोचना के पतिव्रत्ता धर्म और भक्ति भाव से दर्शक प्रभावित हो गये। तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्द्धन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, डा. नत्थू सिंह, विजय सोनी, मनोज गुप्ता, सचिन चौहान, निखिल चौहान, नीलू, गजेन्द्र सिंह, मुन्नू सिंह, नरेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, हरिओम, सरदार सिंह, श्यामलाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।





### मेले में लिया झूलों का आनंद

**अमरोहा** परिजनों के साथ मेले में पहुंचने बच्चों व महिलाओं ने यहां झूलों को भी आनंद लिया। बच्चों के लिये खास तौर पर मिकी माऊस समेत कई तरह के झूले यहां लगाये गये थे। रामलीला मैदान में लगे विशाल मेले में लोग अपने परिवार को लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी पसंद का सामान खरीदा। महिलाओं ने बच्चों के साथ यहां लगे झूलों का आनंद उठाया। बड़े झूले पर उनकी अधिक भीड़ दिखाई दी। जबकि छोटे झूले पर बच्चों ने सवारी की। सांय तक लोगों की भीरी भीड़ लगी रही। बच्चों ने अपनी पंसद के खिलौने भी खरीदे। परिजनों को उनकी जिद के आगे झुकना पड़ा। मेले में आने वाले लोगों के लिये मनोरंजन के काफी इंतजाम थे। जिनका उन्होंने खूब लुत्फ उठाया।

# धूं-धूंकर जला बुराई के प्रतीक रावण का पुतला

### जय श्रीराम के नारों की गूंज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाले विजयदशमी पर्व पर जैसे ही भगवान श्री राम ने रावण के पुतले में तीर मारा वह धूँ धूँ करके जल उठा। जिससे वहां लोगों ने भगवान श्री राम के जय जयकार लगाने शुरू कर दिये।

श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के ग्राउंड में रामलीला का आयोजन किया जा रहा था। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में रावण का 35 फुट ऊंचाई का पुतला लगाया गया था। जैसे ही भगवान श्री राम ने रावण के पुतले में तीर मारा वह धूँ धूँ करके जल उठा। वहां मौजूद लोगों ने भगवान श्री राम की जय-जयकार करनी शुरू कर दी। प्रभु श्री राम ने अंकारी दशानन रावण के पुतले की नाभि में जैसे ही तीर मारा वह धरती पर गिर पड़ा। रामचरित्र मानस की चौपाई, डोली भूमि गिरत दसकंधर सिंधु सर दिग्गज भू धरश संजीव उठी। उसके बाद बुराई के प्रतीक रावण का श्रीराम ने अपने अग्नि बाढ़ से वध कर दिया। रावण दहन देखने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी भीड़ आई थी। लोग श्रीराम रावण का युद्ध देखकर उसे अपने मोबाइल में सेल्फी कैद कर रहे थे। विजयदशमी पर्व पर रामलीला ग्राउंड व उसके आसपास बाजार भी लगाया गया था। जहां महिलाओं एवं बच्चों द्वारा जमकर खरीदारी की गई। महिलाओं ने अपने जरूरत के समान को खरीदा वहीं बच्चों ने खिलौने चाट पकौड़ी जलेबी आदि की खरीदारी की। इससे पहले पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। रामलीला ग्राउंड में माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ था। इस दौरान सीओ दीप कुमार पंत, कोतवाल प्रेमपाल पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, पुनीत अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी आदि मौजूद थे

# असत्य पर सत्य की जीत, जला रावण का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। 'रामलीला, असत्य पर सत्य की जीत की प्रतीक है, उक्त उद्गार धनौरा विधायक राजीव तरारा ने स्व.रमांशकर कौशिक स्मृति पार्क में आयोजित दशहरे मेले के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किए। दशहरे मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। युद्ध के बाद रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण का पुतला धूं-धूं करके जल उठे।

बस्ती स्थित रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क व रेलवे स्टेशन के पास रामलीलाओं का संचालन हो रहा है। बृहस्पतिवार को दशहरे पर राम-रावण युद्ध में श्री राम ने अपने वाण से रावण का वध किया और फिर रावण, मेघनाद के पुतले का दहन किया। आग लगते ही रावण ऊंची ऊंची लपटों के साथ धूं-धूं करके जल गया। इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, महामंत्री विपिन कौशिक, प्रबंधक डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, सोनू गर्ग, डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, सुबोध सिंघल, देवेश शर्मा, प्रेमशंकर गर्ग, गौरव गोयल, राहुल गोयल, अजय सिंघल, विवेक अग्रवाल, सुरेश चंद्र, पंकज कौशिक, यश अग्रवाल, कनिष्क भूषण शर्मा, ईशान अग्रवाल, नितिन बंसल, विट्ठल गोयल, ललित पाठक, आकाश बंसल, प्रशांक सिंघल, ग्रीस विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।वहीं बुध बाजार में श्री रामलीला सेवा समिति की ओर से दशहरा मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज गर्ग, पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति कावेन्द्र सिंह, मनमोहन सिंह, नवीन गर्ग, डॉ.एलसी गहलौत, पवन अग्रवाल, सोनू कश्यप, कुलदीप कश्यप, प्रदीप वर्मा, प्रीतम चौहान आदि मौजूद रहे। दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एसपी अमित कुमार आनंद ने रामलीला मैदान का निरीक्षण करके अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए और कमेटी के पदाधिकारियों से भी बातचीत की।



गजरौला। बस्ती स्थित दशहरे मैदान में जलने के लिए तैयार खड़े रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पतुले।

# विजयदशमी पर्व पर किया शस्त्रों का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विजयदशमी पर्व पर घरों में पूजा अर्चना करते हुए शस्त्र व शास्त्रों का पूजन किया

**खील बताशे का प्रसाद भी किया वितरित**

गया। इस दौरान लोगों ने उन उपकरणों/सामग्री का भी पूजन किया जो उनके व्यवसाय में काम आते हैं।

बता दें कि विजयदशमी पर्व पर शस्त्र या फिर आजीविका के साधन एवं यंत्र की भी पूजा अर्चना करने का परम्परागत रूप से प्रावधान है। जिनके घरों में हथियार नहीं थे उन्होंने लाठियों का पूजा किया। दशहरा पूजन कार्यक्रम के बाद बहनों ने अपने भाइयों एवं भतीजों के माथे पर तिलक लगाकर उनके कानों पर नवरात्रों के दौरान पूजन जल के द्वारा उगाए गए नौरतों को उनके कानों पर रखकर उनकी लंबी आयु एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। खील बताशे का प्रसाद भी वितरित किया गया। उधर, दिन भर लोगों ने एक दूसरे को फोन करके और मैसेज भेजकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं नगर के पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल व भाजपा नेता डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा ने भी सपरिवार विजयदशर्मी पर्व मनाया।



## एक नजर

### पथ संचलन निकाल देशभक्ति के प्रति किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विजयदशमी उत्सव 2025 का पथ संचलन मोहल्ला कोट पूर्वी बस्ती गोकुल से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक, शिव मंदिर के सामने होते हुए सैनी वाला मोहल्ले, रहरा अड्डे होते हुए गोकुलधाम में समापन हो गया। इस दौरान आरएसएस कार्यकर्ताओं ने लोगों को देशभक्ति के प्रति जागरूक किया। विजयदशमी पर्व पर सभी प्रण ले कि देश के लिए जीना और मरना है। इस अवसर पर रविन्द्र चौहान सहनगर संघचालक,सोनू गर्ग नगर कार्यवाह, उधम सिंह आर्य मौजूद रहे।

### गांधी जयंती पर विजेता सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** नगर पालिका द्वारा गांधी जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। पालिका द्वारा स्वच्छ पखवाड़े के समापन व महात्मा गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले दोनों के चित्र पर माल्यार्ण किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष हाजी राहत हसन एवं ईओ दीपालिका यादव ने पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। जबकि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पालिकाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते कहा कि वह नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें।

### गांधी व शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

**हसनपुर**। महात्मा गाँधी आजादी के सूत्रधार है वह आजादी के महानायक है। गाँधी भारत की आत्मा में बसते है। लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिये। गुरुवार को आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आज भारत के दो महापुरुषों की जयंती है। आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत की आत्मा में बसते है।

# भारत की आत्मा में बसते हैं महात्मा गांधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजित विचार गोष्ठी में उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी ने गांधी और शास्त्री के जीवन के कहीं संस्मरण सुनते हुए सत्य अहिंसा सादगी और ईमानदारी के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, बार के अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, गंगासरन खडगवंशी, मुजाहिद चौधरी, मदन कुमार, बिजेंद्र सिंह गहलोत, अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे। वही रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम, ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्कूल में निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, नाटक मंचन, और गांधी एवं शास्त्री की झांकियों सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयंती के अवसर पर विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर और सार्वजनिक स्थानों को साफ और स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। घविद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने गांधी और शास्त्री को अद्वितीय व्यक्तित्व की प्रतिमूर्ति बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया




### गांधी जयंती पर दिलाई स्वच्छता की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को तहसील परिसर में अनोखा नजारा देखने को मिला। एसडीएम विभा श्रीवास्तव खुद हाथों में झाड़ू लेकर मैदान में उतरीं और स्वच्छता का संदेश दिया। उनके साथ तहसीलदार मूसाराम थारू समेत समस्त तहसील कर्मचारी झाड़ू थामकर सफाई अभियान में जुट गए।कार्यक्रम की शुरुआत तहसील सभागार में हुई, जहाँ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। गांधी-शास्त्री जयंती का यह आयोजन सिर्फ माल्यार्पण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि साफ-सफाई के जज्बे ने इसे एक प्रेरणादायक मिसाल बना दिया

# जहर खाने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**अमरोहा**। जहर के सेवन से युवक की मौत हो गई। हालांकि स्वजन उसे मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के लिए ले गए थे, लेकिन चिकित्सकों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। बगैर कार्रवाई स्वजन ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला का है। यहां रहने वाले युवक ने दो दिन पहले किसी बात को लेकर घर में ही जहर का सेवन कर लिया था। उसकी हालत बिगड़ने पर स्वजन ने पहले नगर के ही निजी चिकित्सक को दिखाया था, लेकिन बाद में सुधार नहीं होने पर उसे मुरादाबाद ले गए थे। परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। स्वजन ने चिकित्सक को दिखाया तो उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। उन्होंने बगैर पुलिस को सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### सरकारी कार्यालयों में मनाई गांधी जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। गांधी जयंती पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में कार्यक्रम हुए। दूसरी तरफ विद्यालयों में स्वच्छता अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। तहसीलदार मूसाराम थारू आदि मौजूद रहे। वहीं नगरपालिका में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल व सभासद मौजूद रहे। ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व बीडीओ विजय सक्सेना ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत योगेन्द्र सिंह, एडीओ मनोज कुमार, जितेंद्र यादव समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# किसान की हत्या में पिता पुत्रों समेत पांच गिरफ्तार

## बच्चों के विवाद में बीते दिन कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान रामपाल की हत्या करने में नामजद किसान और तीन बेटों समेत पांचों हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लोहे का सब्बल व लाठी-डंडे बरामद कर लिए हैं। गुरुवार को पुलिस ने पांचों हत्यारो. पियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से पांचों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, तनाव देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से अभी गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती बरकरार रखी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव बावनपुरा माफी में खेलते समय बच्चों के बीच हुए झगड़े में बुधवार शाम नत्थू सिंह और बलवीर पक्ष के लोगों में विवाद हो गया था। दोनों ओर से लोग आमने-सामने आ गए थे। हालांकि, उस समय गांव के लोगों ने समझाकर मामला शांत करा दिया था लेकिन देर शाम में बलवीर सिंह ने अपने बेटे रवि, लक्ष्मण, राहुल और गांव भटपुरा माफी के रहने वाले रिश्तेदार विकास के साथ मिलकर नत्थू सिंह के बेटे जयप्रकाश, रामपाल सिंह, सोमपाल व धर्मेंद्र पर घर में घुसकर हमला कर दिया था। चारों भाइयों को धारदार हथियार के साथ लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा था। घटना में जयप्रकाश सिंह, रामपाल सिंह, सोमपाल व धर्मेंद्र गंभीर घायल हो गए थे। चारों के सिर में गहरी चोट आई थी। ग्रामीणों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने रामपाल सिंह को मेरठ रेफर कर दिया था। परिजन जिला अस्पताल से मेरठ ले जा रहे थे तभी रास्ते में रामपाल सिंह की मौत हो गई थी। हमले में घायल धर्मेंद्र की हालत में अब पहले से सुधार है। पुलिस ने मामले में जयप्रकाश सिंह की तहरीर पर आरा. ेपी रवि, श्रवण, राहुल, बलवीर व विकास के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। देर रात आरोपी बलवीर, रवि, श्रवण, राहुल व विकास को गिरफ्तार कर लिया था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस की मौजूदगी में बुधवार रात रामपाल के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। चालान कर पांचों हत्यारोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। निशानदेही पर कुल्हाड़ी, लोहे का सब्बल व लाठी डंडे बरामद कर लिए हैं। जिनका इस्तेमाल हमले में किया गया था। सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है



हसनपुर। घर में हुई चोरी की जानकारी देती गृहस्वामिनी।

# विहिप नेता के भाई की उपचार के दौरान मौत

## बाइकों की भिड़ंत में हुए थे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। 2 दिन पहले बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए विश्व हिंदू परिषद के मंडल महामंत्री के भाई की उपचार के दौरान मौत हो गई। भाजपा नेता के भाई की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालका वाली डगरौली निवासी विश्व हिंदू परिषद के मुरादाबाद मंडल के महामंत्री व भाजपा एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जोगेश कुमार वाल्मीकि के बड़े भाई लोकेश कुमार पुत्र चंद्रपाल वाल्मीकि का मंगलवार को गांव के नजदीक बाइक पर जाते समय दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई थी। स्थानीय चिकित्सकों नव लोकेश को हालत नाजुक होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया था। वहां से परिजन सही उपचार करवाने के इरादे से गाजियाबाद ले गये थे। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद नेता के भाई लोकेश आयु 35 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही यह खबर घर पहुंची तो वहां परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। लो. केश पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। गमगीन माहौल में लोकेश का अंतिम संस्कार कर दिया। लोकेश अपने पीछे पत्नी नीरज के अलावा पुत्र मनीष व तनिष को रोते बिलखते छोड़ गये है।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर पालिका कर्मी सम्मानित



■ चेयरपर्सन व ईओ ने किया उत्साहवर्धन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यालय पर ध्वजारोहण भी किया। चेयरपर्सन ने स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सक्रिय रूप से स्वच्छता कार्य के लिए सफाईनायकों व सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। बृहस्पतिवार को गाधी व शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा ने कहा कि हमें राष्ट्रपिता व शास्त्री जी के पद्चिन्हों पर चलकर देश को आगे बढ़ाना है। कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार महात्मा गांधी के स्वप्नों को साकार करने के लिए काम कर रही है। ईओ ललित कुमार आर्य ने स्वच्छता पखवाड़े में उल्लेखनीय कार्य करने वालों कर्मचारियों के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खां, अजय कुमार, वंदना अग्रवाल, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र सिंह समेत कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान सफाईनायक जयचंद, महेश कुमार व वीरपाल और सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# बंद पड़े मकान से लाखों का माल उड़ाया

## सोनीपत में मजदूरी करने गया था परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चोरों ने बंद पड़े मकान में घुसकर सेफ अलमारी के तालों को तोड़कर लाखों रुपए के माल को चोरी कर लिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर में बुधवार को दिनदहाड़े एक बंद पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित जितेंद्र अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन के बाद हरियाणा के सोनीपत मजदूरी करने गये हुए थे। ग्रामीणों ने फोन पर जितेंद्र को चोरी की सूचना बुधवार को दी। जिसके बाद वह देर रात घर पहुंचे और गुरुवार दोपहर को कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।चोरों ने घर में घुसकर सेफ अलमारी के ताले तोड़ दिये और लाखों रुपये के जेवर व नकदी चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि चोर एक सोने की कंठी, दो चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी, 35 हजार रूपए की नगदी नकद, बच्चों के 2 सोने के और 2 चांदी के आभूषण है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि चोरी का यह मामला संदिग्ध लग रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। और उसके बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। घर में घुसकर युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जाग होने पर युवक धक्का देकर मौके से फरार हो गया।

रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक मनचला युवक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पड़ोसी युवती के घर में घुस गया। उसके बाद मनचले युवक ने कमरे में सो रही युवती को दबोच लिया तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। अचानक युवक द्वारा की गई हरकत से युवती जाग गई तथा उसने शोर मचा दिया। शोर मचाने पर युवती के घर में जाग हो गई। युवती के परिजनों ने मनचले युवक को पकड़ने की कोशिश की तो वह धक्का देकर मौके से फरार हो गया। सुबह युवती के परिजन युवक के घर शिकायत करने के लिए पहुंच गये। युवती के परिजनों को देखते ही आरोपी युवक ने उनके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी तथा उन्हें जान से मारने की धमकी भी देने लगा। उसके बाद पीड़ित युवती के परिजन थाने पहुंच गये। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर आरा. ेपी पिंटू पुत्र भोला कश्यप के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि अब से पहले भी आरोपी युवक युवती के साथ छेड़छाड़ कर चुका है

## मां दुर्गे की शोभायात्रा ने मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्री रामनवमी व विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में मां दुर्गे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियो ने ग्रामीणों का मन मोहित कर लिया। बृहस्पतिवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में चामुण्डा मंदिर से मां दुर्गे की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान मां दुर्गे की झांकी सबको मंत्रमुग्ध कर रही थी तो वहीं अन्य झांकी भी सबको लुभा रहीं थी। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। इस अवसर पर अध्यक्ष जयदेव नागर, पुजारी रोहित प्रजापति, संजय कुमार, नरदेव सैनी, मोनू नागर, गुड्डू प्रजापति, नरेश कुमार, गणेश कुमार, मोंटी कुमार, अर्जुन पाल, बबलू कुमार, लोकेश प्रजापति, अमन प्रजापति, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हसनपुर और डिडौली के बाद अब अमरोहा नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। मुख्यमंत्री पर टिप्पणी के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों में आक्रोश है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला अहमदनगर के रहने वाले गौरव कुमार मौर्य हिंदू भगवा वाहिनी जनपद अमरोहा के जिलाध्यक्ष हैं। उनके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक मोहल्ला बटवाल का रहने वाला मारूफ मंसूरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तियां टिप्पणी की है। इसके बाद हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है जिससे लोगों में आक्रोश है। इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी से माहौल भी खराब हो सकता है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में गौरव कुमार मौर्य की शिकायत पर मारूफ मंसूरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संदीप बने सुखदेवी कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज का संदीप कुमार को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परम सिंह 31 मार्च को रिटायर हो गये थे। उनके स्थान पर महिपाल सिंह को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया था। लेकिन महिपाल सिंह के विरुद्ध शिकायतों का निस्तारण होने तक प्रधानाचार्य का प्रभार मुकेश बाबू को सौंपा गया था। मुकेश बाबू एवं शिक्षक संदीप कुमार की वरिष्ठता का प्रकरण संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद के कार्यालय तक पहुंच गया था। संदीप कुमार व मुकेश बाबू दोनों ही वरिष्ठ थे। संदीप कुमार को वरिष्ठ प्रवक्ता मानते हुए उन्हें श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज का कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। कालेज के प्राधिकृत नियंत्रक द्वारा संदीप कुमार को चार्ज ग्रहण करवाया गया है।

## आरएसएस ने निकाला पथ संचलन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। आरएसएस द्वारा पथ संचलन निकाला गया। इसके उपरांत प्रार्थना एवं मंत्रोच्चरण के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव रसूलपुर गुर्जर व सिबौरा में दशहरे के मौके पर आरएसएस का पथ संचलन निकाला। खंड कार्यवाहक केशव, खंड संचालक राजेन्द्र सिंह एवं जिला सेवा प्रमुख अनुराग शर्मा के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत चामुंडा मन्दिर से प्रार्थना एवं मंत्रोच्चार के साथ हुई। पथ संचलन गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए चामुंडा मन्दिर पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर ओमकार सिंह, रामपाल सिंह, संदीप पंवार, निपेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं के अश्लील फोटो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हसनपुर**। पुलिस ने सोशल मीडिया फेसबुक पर हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी तथा अश्लील फोटो पोस्ट करने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया व सीओ दीप कुमार पंत के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कौशिन्दर पुत्र फतेह सिंह, निवासी ग्राम रूखालू, थाना हसनपुर के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक सोनू कुमार की तहरीर पर गुरुवार को बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में अभियुक्त कौशिन्दर ने स्वीकार किया कि उसने एक फेसबुक ग्रुप से हिंदू देवी की अश्लील फोटो और आपत्तिजनक पोस्ट कॉपी करके अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट कर दी थी। अभियुक्त ने अपनी गलती पर पछतावा व्यक्त किया और भविष्य में ऐसा न करने की बात कही है।

# क्रास कंट्री दौड़ में सुमित व सलोनी ने मारी बाजी

## लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयंती पर हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। क्रास कंट्रीदौड़ पुरूष वर्ग में सुमित जबकि महिला वर्ग में सलोनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर जिला खेल कार्यालय द्वारा पुरूष व महिला की क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन हुआ। पुरूष वर्ग में 87 जबकि महिला वर्ग में 29 एथलीट ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में सुमित ने पहला, शिव कुमार ने दूसरा जबकि जैद तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सलोनी प्रथम,रौनक द्वितीय व महक तीसरे स्थान पर रही। जूनियर बालक वर्ग चार सौ मीटर रेस में प्रिंस कृष्णा, कार्तिक शुरू के तीन स्थानों पर



आये। प्रथम छह स्थान पर आने वाले पुरूष व महिला विजेताओं को डीएम निधि गुप्ता वत्स, एडीएम गरिमा सिंह व धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में अमित कुमार, देवेन्द्र सिंह, आंचलन, साक्षी तोमर रहे। इस मौके पर देशकां त्यागी, रोहित सागवान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसान के दो मवेशी चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरों ने दो पशु चोरी कर लिये। जिनकी कीमत सवा लाख रूपये बतायी जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा छानबीन की। मामला देहात थाना क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा उर्फ अली मौहम्मदपुर का है। यहां के रहने वाले मोहम्मद इदरीस पुत्र खलील अहमद ने पशु पाल रखे हैं। बीती रात चोर घेर में बंदी एक भैंस व एक भैंस चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी सुबह होने पर हुई। पशु गायब देख इदरीस सन्न रह गये। उसने कई स्थानों पर पशुओं की तलाश की परन्तु उनका कोई पता नहीं चल सका। जिससे परेशान होकर उसने मामले की जानकारी देहात पुलिस को दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

## अहिंसा के रास्ते पर चलने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि हम सभी को इनके विचार जीवन में ग्रहण करने चाहिए। अहिंसा के दम पर बड़ी से बड़ी परेशानी आसानी से हल की जा सकती है। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले अध्यक्ष जुबैर अहमद व अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सेंगर ने दोनों के चित्र पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजाद कराया। उनके विचार हमें अपने जीवन में ग्रहण करने चाहिए।

## ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने किया ध्वजारोहण



■ गांधी व शास्त्री जयंती पर ब्लॉक में हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर्व ब्लॉक कार्यालय में ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह व खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, उत्तम सिंह प्रजापति, मनमोहन सेन, महिपाल चौहान, सौरभ जैन, चंद्रपाल सिंह पाल आदि उपस्थित रहे।

# गांधी व शास्त्री के विचारों से ही देश होगा विकसित

## जयंती पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इनके विच. ारों से प्रेरणा लेकर देश के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया गया।

कलक्ट्रेट में अयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। इसके बाद अम्बेडकर पार्क पहुंचे बाबा साहेब के चित्र में पुष्प चढ़ाये गये। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि इन दो महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर हम सभी को देश के विकास में सहयोग देना चाहिये। हम जिस पद भी आसानी है यां जहां भी विराजमान है न्याय, समानता व अपने ज्ञान की भागेदारी से अपना सहयोग देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता से देश का विकास संभव नहीं है। आज जहां से वहां से समाज को बेहतर बनाने में सहयोग दें। इससे पूर्व राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने रघुपति राघव राजा राम गीत प्रस्तुत किया। जबकि क्रास कंट्री दौड़ के विजेताओं को डीएम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एडीएम गरिमा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एडीएम बृजपाल सिंह, चन्द्रकांता, मसीह नजम आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर गांधी-शास्त्री को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। अहिंसा वह हथियार है जिसके दम पर बिना किसी विवाद के हम विकास में सहयोग दे सकते हैं। नगर पालिका सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि हमें देश के विकास में सहयोग देना है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि गांधी जयंती पर सभी नगर को स्वच्छ रखने की शपथ लें तथा कूड़ा नियमित स्थान पर ही डालें।

# महान शिव भक्त रावण की अच्छाइयों से हमें सीख लेनी चाहिएः पं अमन मयंक शर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पं अमन मयंक शर्मा के नेतृत्व में दशहरा के पर्व पर रावण मंदिर में भगवान शिव एवं महान शिव भक्त रावण की विशेष पूजा अर्चना की गई।।

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अमन मयंक शर्मा ,अलोक शर्मा,शिवकांत शर्मा,अजय शर्मा ,शशिकान्त रावत, ने भगवान शिव एवं रावण का षोडशोपचार पूजन किया एवं मंत्र जाप किया। इसके उपरांत भगवान शिव को समर्पित हवन का आयोजन कर रावण एवं भगवान शिव की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।पंडित अमन मयंक शर्मा ने रावण रचित शिव तांडव स्त्रोत का पाठ एवं गायन कर दशहरा पूजन सम्पूर्ण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पं अमन मयंक शर्मा ने कहा कि रावण जैसा शिव भक्त चारों युगों में पैदा नही हुआ। प्रत्येक मनुष्य को रावण की विद्वान्ता,उनकी शिव भक्ति एवं अच्छाइयों से सीख लेनी चाहिए। गौरव पाठक एवं आलोक उपाध्याय ने कहा कि रावण ने भगवान शिव की सर्वश्रेष्ठ स्तुति शिव तांडव स्त्रोत की रचना कर शिव भक्ति को एक नया आयाम दिया।शिवकांत शर्मा,अजय शर्मा एवं शशिकान्त रावत ने कहा कि रावण महाज्ञानी,परम प्रतापी एवं तेजस्वी थे एवं प्रत्येक शिव भक्त को रावण से भगवान शिव की असीम भक्ति करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत मे पं अमन मयंक शर्मा ने रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्त्रोत का पाठ कर दशहरा पूजन सम्पूर्ण किया।इसके उपरांत नेहरू चौक पर रावण की शोभायात्रा में पं अमन मयंक शर्मा ने रामलीला बदायूं मे रावण का किरदार निभाने वाले रावण के स्वरुप पं परमानंद मिश्रा का तिलक कर माला पहनाकर एवं पटका पहनाकर आरती की । इस अवसर पर दक्ष सारस्वत, अनुज मिश्रा,मधुरानंद,गीता शर्मा, सुमित मिश्रा,,रितेश उपाध्याय, विभांशु दत्त, अंजलि मिश्रा, वैदिक पाठक, सहित दर्जनों शिव भक्त मौजूद रहे।

# बंद मकान में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव जरसैनी में बृहस्पतिवार की शाम एक बंद मकान में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते भी आग लग गई। देखते ही देखते मकान में लपटे उठने लगी। जिन्हें देखकर आसपास के लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। जब तक आग पर लोग काबू पाते तब तक घर में रखा सारा सामान आग में जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रोशन नाथ अपनी पत्नी दुलारो देवी और नाती अनुज के साथ 29 सितंबर को घर में ताला लगाकर अपनी बहन के घर सोरों (कासगंज) गए थे। बंद मकान में बृहस्पतिवार की शाम अचानक से आग लग गई। कुछ देर बाद मकान से आग की तेज लपटे उठने लगी जैसे ही जानकारी गांव के लोगों को लगी तो सभी लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। साथ ही इसकी जानकारी मकान स्वामी रोशन नाथ को दी। ग्रामीणों का कहना है मकान में रथा फ्रिज, चारपाई, अनाज, इत्यादि समेत घरेलू सभी सामान जलकर राख हो गया।

# नवरात्रि की नवमी पर मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर व क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। नगर में जगह जगह विधि विधान से कन्या पूजन और दुर्गा पंडालों में हवन पूजन आयोजित किए गए। मंगलवार शाम अष्टमी और बुधवार को नवमी के अवसर पर नगर के बड़े मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिरों में महा आरती हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने माता को हलवा पुरी का भोग अर्पित कर परिवार के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की। घरों और पंडालों में कन्या पूजन भी किया गया। तहसील परिसर में तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने मां दुर्गा के बाल स्वरूप की पूजा कर नारी सम्मान का संदेश दिया।

# बिल्सी में धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती यहां धूमधाम से मनाई गई। नगर पालिका परिषद कार्यालय पर विधायक हरीश शाक्य एवं चौयरमेन ज्ञानदेवी के पालि. का सदस्यों के साथ नगर पालिका एवं गांधी पार्क में गांधी और शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। चैयरमेन पति ओमप्रकाश सागर ने पालिका के सफाई मित्रों को इस मौके पर सम्मानित भी किया। बाबा इंटरनेशनल स्कूल में डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं चौयरमेन नरेंद्र बाबू वार्ष्णेय ने दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानाचार्या रुपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कोतवाली में कोतवाल मनोज कुमार सिंह एवं तहसील में एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने भी गांधी जी और शास्त्री जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा नेता विवेक राठी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें महान देशभक्त बताया। इस दौरान तहसील परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस मौके पर पूर्व चौयरमेन ओमप्रकाश सागर, आदित्य माहेश्वरी, वागीश माहेश्वरी, सुरेन्द्र सक्सेना, मनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है रामलीला मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** मोहल्ला संख्या छह स्थित रामलीला मैदान पर गौशाला रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित किए जा रहे मेले के मंच पर बुधवार की रात भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने पहुंच कर भगवान राम की आरती कर आशीर्वाद ग्रहण किया। साथ ही कमेटी द्वारा उन्हे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। भाजपा नेत्री ने मेला का महत्व बताते हुए कहा कि रामलीला मेला भगवान राम की जीवन कहानी को दर्शाता है, जो हमें अच्छे मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा देता है। इसके अलावा रामलीला मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, जो हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी संस्कृति को समझने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि रामलीला मेला धार्मिक भावना को भी बढ़ावा देता है और लोगों को भगवान राम की भक्ति में लीन होने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही रामलीला मेला सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है और लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने में मदद करता है। इसके बाद यहां वृंदावन से आए कलाकारों ने कैकेई और मंथरा का संवाद की लीला का मंचन बड़े ही सुंदर ढंग से पेश किया। मंथरा कैकेई को समझाती है कि यदि भगवान राम राजा बनते हैं, तो भरत की स्थिति खतरे में पड़ जाएगी। वह कैकेई को यह विश्वास दिलाती है कि राजा दशरथ ने उसे दो वरदान दिए थे, जिनका उपयोग वह भरत के लिए कर सकती है। कैकेई मंथरा की बातों में आकर राजा दशरथ से भगवान राम के लिए वनवास और भरत के लिए राज्य की मांग करती है। इसके बाद भगवान राम के वनवास जाने की तैयारी शुरु कर देते है। मंचन के दौरान प्रबंधक विनोद पालावील, पूर्ति अधिकारी एसपी शाक्य, उमेश चंद्र गुप्ता, अजीत सिंह गूर्जर, विवेक राठी, संजीव वार्ष्णेय, आदित्य माहेश्वरी, प्रखर माहेश्वरी, जितेंद्र वार्ष्णेय, पीडी सिंह, डा. अरविंद शाक्य, डा. श्रीकृष्ण गुप्ता, पुरुषोत्तम शाक्य, शिवकुमार, बनवारी लाल मौर्य, ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## मोबाइल सुरक्षा आपके हाथ में है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सावधान रहें! मोबाइल सुरक्षा आपके हाथ में है' कृपया कोई भी ऐप, APK फाइल या अनजान लिंक बिना पूरी जानकारी के डाउनलोड न करें। आपके डेटा की सुरक्षा के लिए ध्यान रखें: - अनजान वेबसाइटों or व्हाट्सएप (what sapp) से A P K फाइल डाउनलोड करना खतरनाक हो सकता है -

किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें चाहे वो लिंक बैंक के एप का ही क्यों न हो - केवल आधिकारिक ऐप स्टोर (Google Play] Apple Store) से ही ऐप इंस्टॉल करें - ऐप की रेटिंग, समीक्षाएं और अनुमतियाँ ध्यान से पढ़ें - साइबर धोखाधड़ी और वायरस से बचने के लिए सतर्क रहें। एक छोटी सी लापरवाही आपके मोबाइल, डेटा और गोपनीयता को बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। सोचें, समझें और फिर डाउनलोड करें। आपका मोबाइल, आपकी जिम्मेदारी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 50 वॉ आंगनबाड़ी स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोर गुप्ता एव जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि इस विभाग के लिए 50 वर्ष बीत चुके हैं । लेकिन आंगनबाड़ी की समस्याएं कम नहीं हो रही है । बगैर मोबाइल के चेहरा प्रमाणीकरण एवं राशन वितरण कैसे किया जाए। बगैर रिचार्ज के मोबाइल से काम कैसे किया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया । जिसमें प्रमुख मांग चेहरा प्रमाणीकरण एवं टी एच आर वितरण में कठिनाई आ रही है । आसफपुर परियोजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कार्यकत्रियों से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है । अगर सीडीपीओ ने व्यवहार नहीं बदला तो उनके खिलाफ भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर 10 अक्टूबर तक सभी कार्यकत्रियों का मानदेय नहीं आता है तो 15 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।क्योंकि दीपावली का त्यौहार नजदीक है और बगैर पैसे के त्यौहार फीका रह जायेगा । परियोजना स्तर पर जितने भी प्राइवेट लोग बैठते हैं । उनको तत्काल हटाया जाए । क्योंकि उनके द्वारा अधिकारी लोग वसूली कराते


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 941101054 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 6 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 945821333 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 1 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 783015507 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 8 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 895418878 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 6 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 976100526 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 6 |
| बी .क्रे तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 980827151 |
| पुनीत कुमार | ब्लॉक | बिसौली | 3 |
| | संवाददाता | | 843020606 |


# नारी सुरक्षा और स्वावलंबन को मजबूत करना है मिशन शक्ति का उद्देश्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति दीदी अभियान के पांचवें चरण में ग्राम गुलड़िया में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में साइबर अपराधों से बचाव, नारी सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति के तहत आयोजित गोष्ठी में इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह व महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि के संबंध में जानकारी देते हुए संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। गोष्ठी में बालिकाओं व महिलाओं को साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के उपयोग, नारी सुरक्षा के तहत विस्तृत जानकारी देते हुए छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।

# दशहरे पर क्षत्रिय समाज ने किया शस्त्र पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बृहस्पतिवार को दशहरा पर्व पर क्षत्रिय समाज द्वारा शास्त्र व शास्त्रों का विधि विधान से पूजन किया गया। घरों में रखे शस्त्रों की सफाई की गई। नगर के मो. ठाकुरान होली चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान राम के चित्र के समक्ष तिलक कर मंत्रोंच्चारण के साथ शस्त्रों के तिलक, कलावा बांधकर शगुन के रूप में फायर भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर ओमपाल सिंह ने व संचालन सुशील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजक अधिवक्ता एड. रामवीर सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म में शास्त्र शास्त्रों की रक्षा करने, धर्म की रक्षा करने के लिए शस्त्रों का प्रयोग किया जाता है। प्रभारी राष्ट्रवादी प्रताप सेना बदायूं के ठाकुर मुक. श कुमार सिंह, हरिओम सिंह चौहान, पूर्व प्रधान परसिया सुनील कुमार सिंह व वंस गौर ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर ठाकुर अशोक कुमार सिंह, ठाकुर राहुल सिंह नगर उपाध्यक्ष भाजपा, ठाकुर राजीव कुमार सिंह, ठाकुर पवन कुमार सिंह, गोलू चौहान, अजीत सिंह, अजय सिंह, पुष्पेंद्र फौजी, केशव सिंह, विशाल सिंह, आशीष सिंह,दक्ष चौहान, विक्रांत चौहान, शिव सिंह, हर्षित सिंह, श्रीओम सिंह, मनोज कुमार सिंह, वंश गौर, अंश गौर, हिमांशु, अक्षत प्रताप सिंह, अचल प्रताप सिंह, उत्कर्ष प्रताप सिंह, राजीव फौजी, सतीश बाबू, हरिकेश सिंह, अनमोल आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामशरण वैद्य इंटर कॉलेज में गांधी व शास्त्री की मनाई जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुयी। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रामाधार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी और समाज के उत्थान में अमूल्य योगदान दिया। हमें उनके विचारों और सिद्धांतों को अपनाने तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ प्रवक्ता सुधाकर शर्मा ने शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि उनका प्रसिद्ध नारा श्जय-जवान जय-किसानश आज भी किसानों और जवानों की शक्ति और महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी के वचन हमें यह प्रेरणा देते हैं कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश के लिए काम करना ही सच्चा जीवन है। इस अवसर पर छात्र - छात्राओं ने भाषण एवं देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एनसीसी कैडेट्स का बैंड रहा। कैडेट्स ने अनुशासन बनाये रखने में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन आनन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी सीटीओ मनोज कुमार, विषवेश पाठक, रेनू कुमारी, विनोद कुमार, राकेश कुमार शर्मा, अमित पाराशरी, आशीष कुमार, सुनील, रंजीत, वरुण, मुनेन्द्र, नितिन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन आनन्द सिंह ने किया।

# प्राचीन आदर्श रामलीला मेले में दंगल का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** रामनवमी दशहरे के अवसर पर स्थानीय आदर्श रामलीला मेले के चलते विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में कुश्ती के शौकीन मिजाज पहलवानों ने दंगल अखाड़े में दो दो हाथ आजमाए । इस दौरान कुश्ती अखाड़े में पहलवानों की कुश्ती देखने को कुश्ती प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी रही । दूर-दूर से आए पहलवान दिल्ली बरेली बुलंदशहर बदायूं शाहजहांपुर लखीमपुर खीरी पीलीभीत अन्य जगहों के पहलवान में अपने-अपने दांव पेच का इस्तेमाल किया इस अवसर पर आदर्श रामलीला मेला कमेटी के अध्यक्ष रामौतार मिश्रा , मुख्य संरक्षक एवं पूर्व प्रधान सतीश चंद्र पाराशरी , राकेश कुमार दीक्षित , मेला कमेटी के महा सचिव श्रीकृष्ण मिश्रा , उपाध्यक्ष दुजेंद्र कुमार शर्मा , मंडल मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा , अखिलेश पाराशरी , प्रवेश पाठक , कृष्णवीर मिश्रा , सुनील कुमार शर्मा , पीयूष पाराशरी , निर्देशन समिति के आशुतोष पाराशरी ,रवेंद्र प्रकाश शर्मा एडवोकेट , राघवेंद्र शर्मा पत्रकार , अरविंद कटिया , प्रशांत मिश्रा , पशुपति मिश्रा ,अमर नाथ मिश्रा , स्वतंत्र कुमार पाठक , वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर शर्मा , अवनीश पाठक , अवनीश मिश्रा , उर्मिलेश पाठक , हर्षित मिश्रा पत्रकार , प्रशांत शर्मा , प्रशांत राठौर , जुगल किशोर शर्मा , अनूप पाराशरी , पवन मिश्रा , संजीव पाराशरी , तोता राम मौर्य , विक्रम मौर्य पत्रकार , चंद्र शेखर शर्मा एडवोकेट , आशीष दीक्षित , डॉक्टर रामेश्वर मौर्य , विशाल कश्यप , उमाशंकर मिश्रा , विशाल बाबू मिश्रा , विकलेश मिश्रा , ठाकुर दास , वेदप्रकाश मिश्रा , श्याम कटिया , प्रबीन कुमार दीक्षित , निशांत बाबू , रवि पाराशरी , विनीत दीक्षित , शाह टाइम ब्लॉक प्रभारी आसफपुर जितेंद्र शर्मा , कनक शर्मा , विक्रांत पाठक , योगेश गोयल ,राजकुमार फूलमाली ,दुष्यंत शर्मा , नन्हें मौर्य ,मुकेश मौर्य , पप्पू मौर्य ,लक्ष्मी मौर्य , धीरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे । इस दौरान स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी के निर्देशन में यहां के पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , कांस्टेबल प्यारे खां , अंशुल कुमार , आकाश ढाका , सुनील कुमार , छात्र पाल आदि मुस्तैद रहे ।

# बिल्सी में लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा का हुआ अनावरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बदायूं रोड पर स्थित अजीत ग्रांडयोर पर बृहस्पतिवार को प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यहां सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गाधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती को मनाया गया। सभी ने दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद यहां स्थापित की गई। लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा का वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल एवं आचार्य संजीव रूप द्वारा अनावरण किया गया। साथ ही शास्त्री जी के दिखाए मार्ग पर चलकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान श्जय जवान, जय किसान के नारे भी लगाए गए। संचालक उमंग सक्सेना ने कहा कि भारतीय राजनीति में सादगी, सच्चाई, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की बात आती है, तो लालबहादुर शास्त्री का नाम सबसे पहले आता है। उन्होंने शास्त्री जी को भारतीय राजनीति का एक ऐसा व्यक्तित्व बताया जो विवादों से परे हैं। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि शास्त्री अपनी छोटी कद-काठी और सौम्य व्यक्तित्व के बावजूद फौलादी इरादों वाले नेता थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने छोटे कार्यकाल में भी उन्होंने भारत पर अमिट छाप छोड़ी, जो एक कीर्तिमान के तौर पर स्थापित है।

# बदायूं में हर्षाल्लास से मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रध्वज फहराया। वहीं कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि गांधी जी कहते थे कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है और शास्त्री जी कहते थे कि जिसके जीवन में सत्य, निष्ठा व नैतिकता नहीं है वह जीवन जीने लायक नहीं है। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती तथा विजयदशमी पर्व की जनपदवा. सियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है। सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य के पथ पर चलना जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। हम सबको गांधी जी व शास्त्री जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। शास्त्री जी ने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया। उन्होंने कहा कि गांधी जी कहते थे कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है जो भी जीवन मैंने जिया है वही समाज के लिए मेरा संदेश है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन से शिक्षा लेकर उसे अपने जीवन में अंगीकार करें, यही इन महान पुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डायट की डी0एल0एड0 प्रशिक्षु बालिकाओं ने राम धुन रघुपति राघव राजा राम व अन्य देशभक्ति गीत की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। जिलाधिकारी ने उन्हें सम्मानित भी किया। अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का जनपद वासियों से आवाहन किया। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन आज भी प्रासंगिक है और शास्त्री जी ईमानदारी, सत्य व निष्ठा की प्रतिमूर्ति थे। इन दोनों महान पुरुषों के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। देश के नवनिर्माण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करना चाहिए। अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

# संविलियन विद्यालय खेड़ा दास में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फैजगंज बेहटा।** संविलियन विद्यालय खेड़ा दास में विद्यालय परिवार के द्वारा आज पूर्ण हर्षोल्लाश के साथ गांधी-शास्त्री जयंती कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। गांव में प्रभात फेरी निकाली गई, ध्वजारोहण एवं महापुरुषों के जीवन संघर्ष के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया विद्यालय से प्रभात फेरी के दौरान स्लोगन एवं नारों का चयन सुधारानी के द्वारा किया गया एवं कराया गया। छायांकन ममता यादव के द्वारा किया गया। रैली का निर्देशन रूबी सिंह के द्वारा किया गया एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने अपनी अपनी जिम्मेदारियां का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। नीलम वार्ष्णेय प्रधानाध्यापिका के द्वारा महापुरुषों के चित्रों का अनावरण कर उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंगों पर चर्चा कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। शशिवाला के द्वारा संघर्ष, ईमानदारी, निष्ठा, साहस, एवं देशभक्ति की मिसाल श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सर्वेश कुमार के द्वारा गांधी दर्शन की प्रासंगि. कता पर चर्चा करते हुए कहा गया कि गांधी दर्शन का अनमोल सूत्र- सत्य,अहिंसा, भाईचारा हमेशा देश को परिवर्तन काल में भी ऊर्जापूर्ण तरीके से नई राह पर चलने के लिए ताकत देता रहेगा। उदाहरण देते हुए कहा कि यदि देश में झूठ का बोलबाला हो जाए तो हर इंसान खुद को असुरक्षित महसूस करेगा और उसकी ऊर्जा सही दिशा में लगने की बजाय सिर्फ खुद को झूठ का शिकार होने से बचने में ही अधिक लगेगी। ऐसे ही हिंसा जो कई प्रकार की होती है जैसे शारीरिक हिंसा, वाणी की हिंसा, मन की हिंसा यह सभी प्रकार की हिंसाएं बहुत ही दुख पहुंचाती हैं। अतः हम वाणी से सौम्य रहे, सत्य बोले, मन से सभी के प्रति अच्छा भाव रखें सभी को सम्मान दें यही अहिंसा है इसका पालन राष्ट्र को हमारे लिए माता की गोद की तरह बना देगा। अतः हम सबको अहिंसा का पालन करना चाहिए ताकि हमारा श्बन्दे मातरमश सिर्फ शब्दों में ही नहीं व्यवहार में भी झलके।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि

## एसपी ने समस्त अधिकारियों को स्वच्छता, सत्यनिष्ठा व राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर मेरठ रोड पर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों महापुरुषों ने अपने आदर्शों, सिद्धांतों एवं महान योगदान से राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की, जिनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द द्वारा सलामी अर्पित की गई।

इस अवसर पर एएसपी विनीत भटनागर, सीओ वरुण मिश्रा, सीओ जितेंद्र शर्मा सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता, सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति शपथ दिलाई। महात्मा गांधी द्वारा दिए गए सत्य और अहिंसा के संदेश तथा लालबहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान के मूल मंत्र को स्मरण करते हुए समाज और राष्ट्रहित में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं स्वच्छता के महत्व पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस लाइन के सफाई मित्रों को उनके योगदान एवं निरंतर सेवा भावना के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उनका मनोबल बढ़ा और स्वच्छता के प्रति समर्पण को प्रोत्साहन मिला।



# समाजवादियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि 2 अक्टूबर को देश की दशा व दशा सुधारने के लिए सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर कार्य करते हुए मार्गदर्शन करने वाले राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जन्म लिया। उनके जीवन गाथा से हमें सत्य और अहिंसा के मार्क पर चलकर अपना जीवन यापन और देश के लिए जनता के प्रति कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज हमें विजयदशमी मनाकर सच्चाई की बुराई पर विजय मिलने का सौभाग्य भी प्राप्त हो रहा है। जहां झूठ और सच के साथ-साथ धर्म और अधर्म के बीच जो रास्ता है और उसका परिणाम क्या होता है उसकी प्रेरणा विजयदशमी के दिन राम ने रावण का वध करके विजय प्राप्त की थी। उन्होंने सभी देशवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर अनिल आज़ाद, इकबाल कुरैशी, रेशमा अंसारी, अयूब सिद्दीकी, अख्तर मलिक, आदेश गोस्वामी, राजेश यादव, लवी, हसीन चौधरी हसीन चौधरी शहजाद चौधरी, हम्माद मतीन, आजाद अल्वी, नईम, तनवीर अहमद, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने मनाई गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कांग्रेसी नगर पालिका परिषद स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राक. ेश त्यागी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवम् आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह व्यापक सविनय अवज्ञा के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी। जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिक. ारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। कांग्रेसीयों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पहुंचे और जयंती पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि शास्त्री ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों की नियुक्ति की थी। 1951 में, जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में शास्त्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासि. चव नियुक्त किये गये। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया था। इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, बिहार कांग्रेस के ऑब्जर्वर डॉक्टर शोएब, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष गढ़ बिजेंद्र त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष हापुड़ मौसीन खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष डॉक्टर पदम सिंह साहनी, तनवीर चौधरी, शादाब सैफी, आस मोहम्मद, हनीफ भाई आदि पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया गया दशहरा, पूजा कर सुख शांति की गई प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ में धर्म और न्याय की जीत का प्रतीक विजयादशमी (दशहरा) पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों पर गोबर के कूट बनाकर जिया-विजया देवियों की पूजा के साथ ही अस्त्र-शस्त्र, बहीखाते, कृषि यंत्र आदि का पूजन किया गया। इसके बाद बहनों ने भाइयों के कानों पर नौरते रखे। भाइयों ने बहनों को सामर्थ्य अनुसार उपहार भेंट किए।

क्षेत्र में बुधवार को दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने घरों पर गोबर के कूट बनाए। घर-परिवार के लोगों ने एकत्र होकर जया-विजया व अपरा. जिता देवी का पूजन किया। विजयादशमी पूजन में अस्त्र-शस्त्र के अलावा पुस्तक, लक्ष्मी, सरस्वती, दीपक आदि का पूजन किया। परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना व्यापारियों ने अपने बहीखाते तथा किसानों ने अपने कृषि यंत्रों का पूजन कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों के कान पर नौरते रखकर उनकी दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंटकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। उधर हर साल की भांति इस बार भी दशहरे के दिन बारहदरी के मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन देखने के लिए मैदान में हजारों लोग मौजूद थे। बुधवार को सुबह तड़के ही विजयादशमी को लेकर बच्चों में उत्साह दिखाई दे रहा था। लोग बारादरी मैदान पहुंचकर रावण और कुंभकर्ण के पुतलों को खड़ा करने में जुट गए थे। शाम साढ़े चार बजे के करीब गीता भवन से सनातन धर्म सभा की तरफ से शहर में भगवान राम की झांकी निकाली गई। इसके बाद मैदान में पहुंचने पर राम और लक्ष्मण ने रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों पर अग्निबाण छोड़े। बाण लगते ही पुतला धू-धू कर जलने लगा और सत्य का प्रकाश चारों तरफ फैल गया। लोग राम का जयघोष करने लगे। उसके बाद राम ने विभिषण का राज्याभिषेक किया। रामलीला ग्राउंड के साथ ही नगर में भी भारी सुरक्षा व्यवस्था थी।



# गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश की आज़ादी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई दिशा देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा सादगी और ईमानदारी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा हापुड़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिसर मे लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा रेलवे रोड स्थित लगी लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं महासचिव पं. आशीष शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मेरठ मंडल अध्यक्ष आबिद सेफी, युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और भारत को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी और नैतिकता के प्रतीक थे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पं. आशीष शर्मा ने कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके बताए आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा, राष्ट्रहित और जनकल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष आबिद सेफी ने भी युवाओं से आहवान किया कि वे अपने जीवन में इन महापुरुषों की शिक्षाओं को अपनाएँ और देश की एकता, अखंडता और प्रगति में योगदान दें।

कार्यक्रम के अंत में शास्त्री का प्रसिद्ध नारा जय जवान, जय किसान गूँज उठा और कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी के निर्देशन में ज़िलें में लगातार एंटी रोमियो टीम द्वारा मनचंलो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल, पार्क और मंदिरो के बाहर अभियान चलाया गया। महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानो की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम बुधवार को सक्रिय दिखी। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने शहर के स्कूल, पार्क और मंदिरों के बाहर अभियान चलाया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान से मनचंलो में हड़कम मचा रहा।



## एक नजर

### अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि परतापुर रोड पर थाने की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में संदिग्ध युवक की पहचान अशरफ पुत्र शमशेर निवासी गली न. 5 मौहल्ला त्रिलोकीपुरम थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सात कार्रवाई की जा रही है। अगर कोई भी अवैध रूप से हथियार रखता हुआ पाया गया तो उसे किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** बीते बुधवार की देर रात खुर्जा पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, चोरी की बाइक और नकदी बरामद की है। एसएसपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की तलाश में चलाए जा रहे अभियान के तहत खुर्जा नगर पुलिस टीम देर रात हाइवे स्थित कैलाश अस्पताल कट पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और पुलिस टीम को देखकर कैलाश अस्पताल जाने वाले सर्विस लेन रोड पर तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया तो सर्विस लेन के पास खेत में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिससे वे घायल हो गए और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए घायल बदमाशों की पहचान फहीम उर्फ बावला पुत्र महराज निवासी सराय मियां जंगलगढ़ी, थाना देहलीगेट, जनपद अलीगढ़ और अशरफ पुत्र बसीद निवासी हाथी का पुल, जंगलगढ़ी, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और 7,000 रुपए नकद बरामद हुए हैं।

# फर्जी कागजातों पर रह रहे रोहिंग्या नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में फर्जी कागजातों के आधार पर रह रहे एक रोहिंग्या नागरिक को एटीएस व स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसके पास से मोबाइल व फर्जी कागजात बरामद किए है। पकड़े गए युवक की पहचान सैय्यद हुसैन के रूप में हुई है। एटीएस की इस छापेमारी से हड़कंप मच गया।

एटीएस के अनुसार प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह भारत में शरण लेने के नाम पर आया था, लेकिन अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए उसने नकली पहचान पत्र तैयार करा लिए थे। बुधवार को धौलाना क्षेत्र के खिचरा गांव से उसे दबोच लिया गया। एटीएस के मुताबिक रोहिंग्या नागरिक से बरामद मोबाइल और फर्जी आईडी की गहन जांच की जा रही है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या वह अकेले भारत में रह रहा था या उसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है। साथ ही उसके नेटवर्क और संभावित संपर्कों का भी पता लगाया जा रहा है।



# मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ पर महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेशभर में संचालित मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सुरक्षा व अधिकारों के प्रति सजग बनाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गांधी जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित ज़दीद चौकी पिंक बूथ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान चौकी परिसर में लगे पुराने होर्डिंग्स को हटवाकर नए महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए गए। ज़दीद चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार व पिंक बूथ प्रभारी आशा सौंदे, और उनकी पूरी टीम ने मौके पर मौजूद महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला समर्पण हेल्पलाइन) की जानकारी देकर उनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। और समस्या आने पर तुरंत पुलिस मदद उपलब्ध कराएगी। चौकी परिसर में उपस्थित महिलाओं ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान से उन्हें आत्मविश्वास मिलता है।



# धूमधाम से मनाया विजयदशमी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में गुरूवार को असत्य पर सत्य की जीत का पावन पर्व दशहरा परंपरागत ढंग से मनाया गया। नगर के नुमाइश मैदान में रामलीला के दौरान भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। रावण वध के साथ ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मैदान पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले जलाए गए। हजारों की संख्या में लोग दशहरा पर्व मनाने पहुंचे। सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर के नुमाइश मैदान में श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में चल रही रामलीला में गुरुवार की शाम भगवान श्रीराम और रावण का युद्ध हुआ। काफी देर तक रोमांचकारी युद्ध हुआ। अंत में भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में जब अग्निबाण मारा तो रावण धराशायी होकर जमीन पर गिर पड़ा। रावण वध होने पर भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठे। रावण के मरने की खुशी में लोग जयकारे लगाते हुए झूमने लगे। श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष नीरज जिंदल, महामंत्री अनिल कुमार मित्तल, प्रभारी दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। नुमाइश मैदान पर सबसे पहले मेघनाथ का पुतला जलाया गया। इसके बाद कुंभकर्ण का पुतला जलाने के बाद सबसे अंत में रावण का पुतला जलाया गया। ये अतिथि रहे मौजूद इस दौरान अतिथि के रूप में सांसद डॉ0 भोला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 अंतुल तेवतिया, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, पालिकाध्यक्ष दीप्ति मित्तल, उद्यमी राजीव कुमार, डीएम श्रुति, एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, ठा0 सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

### असत्य पर हुई सत्य की जीत

डिबाई में गुरूवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। असत्य पर सत्य की जीत के साथ मनाया जाने वाला विजयदशमी पर्व परंपरागत तरीके से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला के दौरान गुरूवार को ब्लॉक के मैदान में रावण की पटवरी पर भगवान श्री राम और रावण के बीच लीला का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम के अग्निबाण छोड़ते ही रावण का 52 फीट ऊंचा एवं कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला आतिशबाजी के साथ धूँ-धूँ करके जल उठा। पुतलों के दहन होने हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के द्वारा लगाए गए।

### सोनू पाठक ने किया रावण दहन

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद में विजयदशमी के पावन पर्व पर नगर के रामलीला बाड़े मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन मेला कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व प्रमुख समाज सेवी सोनू पाठक उपस्थित रहे।

# कम भाव में कोल्हुओं पर गन्ना डाल रहे है किसान

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में कोल्हू और क्रेशर मालिकों का गन्ने का पेराई आरंभ हो गया है। गढ़ क्षेत्र में ज्यादातर संख्या में किसान गन्ने की खेती करते हैं,जिसके चलते कोल्हू और क्रेशर मलिक मनमानी कीमत पर किसानों से गन्ना खरीद रहे हैं। समय पर बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण और अगली फसल की समय पर बुवाई करने के लिए किसान कोल्हू में गन्ना डालने को मजबूर है। उत्पादन लागत में भी घाटा होने के कारण क्षेत्र का गन्ना किसान परेशान है।

जहां सरकार की ओर से गन्ने का मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, वही कोल्हू संचालक किसान की मजबूरी का फायदा उठाकर 260 और 270 रुपए कुंतल गन्ना खरीद रहे हैं, झडीना और सादुल्लापुर में कोल्हू पर 270 रुपए क्विंटल के हिसाब से गन्ने की खरीद की जा रही है, जहां कोल्हू पर गन्ना बेचने पर किसानों को एक क्विंटल पर 80 से 90 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान गन्ना भुगतान में देरी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। आज के समय में किसान की आर्थिक स्थिति कमजोर है। किसानों का कहना है कि मिल बकाया भुगतान समय से नहीं करती है, और कोल्हू पर गन्ना बेचने से फसल की लागत तक निकालना भी मुश्किल है। मगर अब खेत खाली होने पर बरसिम, सरसों और आलू की फसल की बुवाई करके परिवार के गुजारे के लिए पैसा मिलने की उम्मीद होती है, इसलिए समय से खेतों को खाली करना भी जरूरी है।



किसान नेता एड. सुशील प्रधान



किसान नेता यूनुस खान

किसान नेता एडवोकेट सुशील प्रधान का कहना है कि किसानों को इस समय कम रेट में कोल्हू पर मजबूरी में गन्ना डालना पड़ रहा है, किसान पर रोजमर्रा के खर्चे के साथ-साथ बिजली के बिल का भुगतान और बच्चों की फीस जमा करने का भी तगादा है। किसान अब गन्ना कोल्हू पर डालकर सरसों व आलू की बुवाई कर सकते हैं। इसे बेचकर परिवार का गुजारा कर सकते है। किसान नेता यूनुस खान ने बताया है कि समय से बकाया गन्ना भुगतान न मिलने के कारण मजबूर होकर कम रेट में किसान को गन्ना बिक्री करना पड़ रहा है, किसान को कोल्हुओ पर गन्ना बिक्री करने से आर्थिक नुकसान हो रहा है, यदि चीनी मिल समय से किसानों के गन्ने का भुगतान करें, तो किसानों को कम रेट में कोल्हू पर गन्ना बेचना नहीं पड़ेगा और किसान इस आर्थिक नुकसान से बच जाएगा।

# 80 फुट के रावण का हुआ दहन

## कसेरूखेड़ा में हुआ भव्य दशहरा मेले का आयोजन

■ रामलीला का मंचन और रंग बिरंगी आतिशबाजी रही मेले का मुख्य आकर्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देते हुए विजय दशमी का पर्व गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेरठ के विभिन्न स्थानों के साथ कसेरू खेड़ा में भी बुराई का प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

मवाना रोड स्थित कसेरू खेड़ा में गुरुवार को श्री रामलीला दशहरा कमेटी के द्वारा भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया जहां 80 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया। दशहरा मेले के मुख्य अतिथि, सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व विधायक योगेश वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्विनी त्यागी, प्रशांत गौतम, मनोज चौधरी, नीरज मित्तल, विनय प्रधान, रंजन शर्मा, अवनीश काजला आदि उपस्थित रहे। मेले का उद्घाटन समाज सेविका शिवदासी सोनू कैलाशी ने किया तथा राम दरबार की आरती पंडित ढाबा से सुरेंद्र शर्मा एवं आशीष शर्मा ने कर भगवान राम का आशीर्वाद लिया।

### मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए

मेला देखने आए दर्शकों में रावण के पुतले की लाल अंगारों के समान दहकती आंखें और पैरों में जयपुरी जूतियां आकर्षण का केंद्र रही तो राम रावण युद्ध, डोरीमोन इवेंट्स की सुंदर-सुंदर झांकियों की प्रस्तुति ने मेले में चार चांद लगा दिए। राधा-कृष्ण बने प्राची और हिमांशु के साथ शंकर-पार्वती बने रोहित और बुलबुल ने जब धार्मिक गानों पर नृत्य किया तो दर्शक ताली बजाने पर मजबूर हो गए। मेले में रंग-बिरंगी आतिशबाजी और बिजली की सजावट देखते ही बनती थी। मेले में भारी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। मेला देखने आये बच्चों ने मिक्की माउस और झूलो का आनंद लेते हुए खिलौनों की भी खरीदारी की तो महिलाओं को सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों के साथ-साथ गोलगप्पे, टिक्की खाते हुए भी देखा गया। वहीं नौजवान और पुरुषों को गुब्बारों पर निशाना साधते हुए देखा गया। मेले में मूंगफली की भी खूब बिक्री हुई। रावण के पुतले का दहन देरी से होने के कारण दुकानदार बहुत खुश नजर आए। कार्यक्रम के अंत में श्री राम ने असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हुए पुतले में आग लगाई तो पूरा मैदान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा मेला के सफल आयोजन में लाल कुर्ती के साथ सेना पुलिस और मुख्य रूप से मेला अध्यक्ष विनोद सोनकर, आलोक माहेश्वरी, कन्हैया लाल, आनंद भाई, सत्यप्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार, जियालाल, लकी पाजी, मनोज कुमार, नंदकिशोर मीणा, मनीष कुमार, अरुण कुमार, जयप्रकाश, सविता मीणा, संजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया प्रभारियों के रूप में पारस गुप्ता, शिवकुमार शर्मा और राजन सोनकर का विशेष महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### मेले पर पुलिस की रही पैनी नजर

मेले में लोगों का जमावड़ा देखकर अधिकारियों ने कसेरूखेड़ा में भारी पुलिसबल की व्यवस्था की थी। मेले में हर व्यक्ति पर पुलिस की नजर थी। बच्चों व महिलाओं ने मेले का लुत्फ लिया व जमकर खरीदारी भी की।

# सिवालखास में हुआ रावण का दहन मेले में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानीखुर्द।** गुरुवार को विजय दशमी पर कस्बा सिवाल खास में रावण का पुतला दहन किया गया जिसमें लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए, वहीं मेले में दोपहर से ही भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें थाना पुलिस मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मेले में आसपास के गांव के लोग कस्बा सिवाल खास पहुंचे और रावण पुतला दहन का पूरा नजारा लिया। इस बीच महिलाओं व बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। वहीं जानी पुलिस भी सतर्क मोड पर नजर आई मेले में आए लोगों पर पुलिस की नजर बनीं थी। हर आने जाने वाले लोगों को देखा जा रहा था।

# एसएसपी ने किया दशहरा मेला स्थलों का निरीक्षण

## मेला स्थलों तक बड़े वाहनों के पहुंचने पर रोक लगाने के दिए निर्देश, ड्रोन से हो रही निगरानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** दशहरे पर लगने वाले मेले में सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा गुरूवार को मवाना पहुंचे। उन्होंने तीनों मेला स्थलों का निरीक्षण किया और अधिनस्थों से भीड़ व रूट आदि की जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थलों पर बड़े वाहनों के पहुंचने पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

सबसे पहले एसएसपी मेरठ तहसील मैदान में लगने वाले दशहरा मेला स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सीओ मवाना पंकज लवानिया और इंस्पेक्टर पूनम जादौन से मेले में पहुंचने वाली अनुमानित भीड़ व आवागमन के रास्तों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेला समापन होने तक मेला स्थल पर तहसील रोड पर किसी भी तरह के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने को निर्देशित किया। उसके बाद एसएसपी गुड़ मंडी मेला स्थल व किला बस स्टैंड पर लग रहे मेला स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिनस्थों से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चार्ज व सभी प्रवेश-निकासी मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेला समापन तक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रोन से चल रही मेले की निगरानी

डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी के निर्देश पर गुरूवार को पुलिस की स्पेशल टीम मवाना पहुंची और पालिका मैदान में सैटअप लगाकर ड्रोन से मेला स्थल की निगरानी की। पिछले दिनों कानपुर व बरेली में हुए बवाल के बाद दशहरा मेले को लेकर पुलिस खासी सतर्कता बरत रही है। वहीं एसएसपी ने सतर्क रहने के निर्देश दिये है।

# पुलिस की तत्परता से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम

## मोहल्ला मुन्नालाल में देर रात कई मकानों पर लगे आई लव मोहम्मद के पोस्टर, चौकी इंचार्ज ने उतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** कानपुर से शुरू हुआ आई लव मोहम्मद के पोस्टर का मामला अब मवाना तक पहुंच गया है। नगर के मोहल्ला मुन्नालाल में बुधवार रात कई मकानों पर पोस्टर चिपके मिले तो पुलिस तुरंत हरकत में आई। बस स्टैंड चौकी इंचार्ज मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे और पोस्टर हटाकर आसपास के लोगों को भविष्य में ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। उसके बाद पुलिस की ओर से पांच लोगों को नामजद करते हुए बीएनएस की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बस स्टैंड चौकी प्रभारी मनोज शर्मा को देर रात सूचना मिली के मोहल्ला मुन्नालाल में नाले के पास कुछ मकानों पर आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपके हुए हैं। इस पर चौकी इंचार्ज कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए पांच मकानों पर चिपके पोस्टर हटा दिए। पुलिस की इस तत्परता से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के मंसूबे धरे के धरे रह गए। उधर, गोपनीय विभाग ने भी इस मामले से आला अधिकारियों को अवगत कराया। उसके बाद चौकी इंचार्ज की ओर से इदरीस, तस्लीम, रिहान, गुलफाम और हारुन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### सौहार्द बिगाड़ने की थी कोशिश

कानपुर और उसके बाद बरेली में हुए पोस्टर बवाल के बाद मेरठ पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डीआईजी ने बुधवार को अधिनस्थों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए थे। दशहरा मेले को लेकर पुलिस खास सतर्कता बरत रही थी कि मवाना में पोस्टर चिपकने की घटना से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश सामने आ गई। जिसे पुलिस ने अपनी तत्परता और सूझबूझ से नाकाम कर दिया। हालांकि जिनके मकानों पर पोस्टर चिपके मिले, उनका कहना है कि उन्हें नहीं पता कि बाहर से गेट पर कौन पोस्टर चिपका गया। जिस तरीके से हाथ से लिखे पोस्टर चिपकाए गए, उससे यकीनन साबित होता है कि दशहरा पर सौहार्द बिगाड़ने की पूरी साजिश रची गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद नामजदों में से एक महिला सहित दो लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।



## मेरठ ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन की टीम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ने सोमवार को खैर नगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर आम सभा की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

सभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र गुप्ता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद संरक्षक अरुण वशिष्ठ और अशोक तिवारी के नेतृत्व में तथा महामंत्री रजनीश कौशल की सहमति से नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कराए गए। सर्वसम्मति से नरेश चंद्र गुप्ता को चेयरमैन, देवेंद्र भसीन को अध्यक्ष, रजनीश कौशल को महामंत्री और मोइनुद्दीन गुड्डू को कोषाध्यक्ष चुना गया। नई टीम को संगठन के हित में काम करने का अधिकार दिया गया। इस दौरान कपिल चड्ड़ा, मनोज शर्मा, रवि गांधी राजा, टीटू, पारस जडेजा, संदीप जैन, प्रितपाल, पवन सां. गवान, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# सरधना विधायक अतुल प्रधान ने फलावदा कस्बे में किया दशहरा मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** दशहरा पर्व के उपलक्ष में कस्बे के काले सिंह मंदिर के समीप दशहरा मेले का उद्घाटन विधायक अतुल प्रधान ने फीता काट कर किया। अपने संबोधन में विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि विजयदशमी का महापर्व अश्वनी शुक्ला दशमी तिथि को मनाया जाता है।

श्री राम ने लंकापति राजा रावण का वध करके संपूर्ण नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक माता सीता को उसके चुंगल से मुक्त कराया था। तभी से इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत अथवा अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में मनाया जाने लगा। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक अतुल प्रधान को मिहिर भोज का चित्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत देर शाम को प्रभु श्री राम के द्वारा रावण के पुतले का और सोने की लंका दहन करते हुए जमकर आतिशबाजी की गई। दशहरा के मध्य नजर गत वर्षो की भांति काले सिंह मंदिर के पास दशहरा मेला आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के गांवों से भारी संख्या में आसपास के हजारों दर्शक मौजूद रहे। मेले में थाना प्रभारी दिनेश प्रतापसिंह मय फोर्स के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश धीमान, पृथ्वी सैनी ने किया। इस मौके पर कमेटी के प्रधान शरद चौधरी, उप प्रधान धीरज चौधरी, मेला प्रबंधक संदीप चौधरी, सचिन चौधरी, जयकरण चौधरी, मनजीत छात्र नेता अश्वनी चौधरी, भोपाल चौधरी, महेंद्र चौधरी, योगेश धीमान, जीतू चौधरी, विकास पाल बजरंगी, प्रदीप चौधरी, सुंदर चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## नेशनल सेल्फ केयर टीम का हुआ गठन प्रवीण राजवंश को बनाया सक्रिय सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को समाज सेवी प्रवीण राजवंश को इस कमेटी का सक्रिय सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया की नेशनल सेल्फ केयर प्रदेश टीम अब जिला स्तर पर संस्था के पदाधिकारियों की नियुक्ति कर रही है। विदित हो कि यह एक पंजीकृत संस्था है जिसका निर्माण, संस्थापक और संरक्षक विवेकानंद आर्या, सहसंस्थापक सुदेश पांडेय, संजीव रजक और अन्य सदस्यों ने मिलकर पूरा किया था।

यह संस्था अपने सदस्यों के जीवन जोखिम में परिवार वालों की 50 लाख तक की मदद के लिए काम करने वाली संस्था है, संस्था के मेरठ से सक्रिय सदस्य प्रवीण राजवंश असिस्टेंट प्रोफेसर चौधरी वेदराम कॉलेज ने बताया कि इस संस्था का संचालन जेबज की तर्ज पर चल रहा है, जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो रजिस्टर्ड सदस्य उस व्यक्ति के नॉमिनी के खाते में सीधे सहयोग करते है।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, संयोजक विवेक मिश्र, विपुल मिश्र, महामंत्री अविनाश यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश निमेष, सह संस्थापक मंडल सुमन, अंकिता शुक्ला, नरेंद्र गंगवार, रविन्द्र यादव, प्रज्ञानंद, अखिलेश मिश्र, योगराज चाहर को बनाया गया है। संस्था के पवित्र उद्देश्यों से जन मानस में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग गुगल पर जाकर देबज से सीधे जुड़ रहे है ताकि भविष्य की कोई जीवन जोखिम होता है तो परिवार को आर्थिक मदद मिल सके। हापुड़ से शिवकुमार, नीटू सिंह, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. परमानंद सक्रिय योगदान कर रहे है।

# गांधी जयंती पर लोकदल कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि के साथ किया फल वितरण कार्यक्रम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय लोकदल ने जिला कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सुशील, संगीता दोहरे, चौ. सत्येन्द्र सिंह तोमर, शिवम चौधरी, उर्मिला चौधरी, पूजा राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं प्यारे लाल जिला अस्पताल में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय सचिव प्रतीक जैन, नईम सागर ने सीएमओ व साथियों के साथ मिलकर फल वितरण किया। इसके अलावा सिटी रेलवे स्टेशन पर भी फल वितरण किया। प्रतीक जैन ने कहा कि आज हमारे देश के राष्ट्रपिता गांधी जी की वजह से ही हम आजाद देश में खुली सांस ले पा रहे है।

## भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर डीएम कार्यालय के आयोजित कार्यक्रम में महेन्द्र धानक द्वारा डीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा कि शहीद स्मारक राष्ट्रीय संग्रहालय मेरठ में अमर शहीद मातादीन जी की प्रतिमा स्थापित की जाये तथा सेन्ट्रल भैसाली मेट्रो स्टेशन का नाम शहीद मातादीन जी के नाम पर रखा जाये इसके अलावा प्रधानमंत्री के मेरठ आगमन पर समय के लिए निवेदन किया गया है।



# बुराई पर अच्छाई की हुई जीतः गौरव चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को कस्बा सिवाल खास में विजयदशमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से बनाया गया जहां कस्बा सिवाल खास में झांकी निकाली गई इसमें राम लक्ष्मण और सीता की झलकियां दिखाई दी, वहीं झांकियां में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। विजयदशमी के मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा की बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा रहती है जिस तरह से हम हर साल रावण को जलाते हैं ऐसे ही हमें अपने अंदर की बुराइयों को भी खत्म कर देना चाहिए, और हमेशा अच्छाई पर काम करते रहना चाहिए इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमित प्रधान, पूर्व प्रधान प्रवीण पावटी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनवर कुरैशी, शकील नंबरदार, दीपक सोनी, जिला पंचायत सदस्य अतुल पूनिया, जानी के प्रधान वेदपाल फौजी, दीन मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# आई लव मोहम्मद मामले में पुलिस ने एक को भेजा जेल

## इंस्टाग्राम पर रील बनाकर लोगों को भड़काने का कर रहा था काम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आई लव मोहम्मद का समाज के ठेकेदारों ने एक इंस्टाग्राम रील फेसबुक जैसे वीडियो बनाकर उन पर डालकर अपनी फॉलोअर बढ़ाने का काम कर रहे हैं लेकिन शायद उन्हें यह नहीं पता इस तरह की पोस्ट डालने से समाज पर कितना बुरा असर पड़ेगा। हाल ही में बरेली में हुए आई लव मोहम्मद पर बवाल के चलते तोकीर रजा पर भी सरकार ने बुलडोजर चला दिया। उन्होंने नफरत फैलाने का काम किया ऐसा ही मामला कस्बा सिवालखास में लगातार दो दिन से कुछ लोगों ने नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं जिससे समाज में गंदा मैसेज जा रहा है गुरुवार को कस्बा सिवाल खास एक व्यक्ति ने आई लव मोहम्मद की रील बनाकर और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी जिसमें लोगों को बरगलाने का काम किया। माहौल खराब न हो इसलिए तुरंत मौके पर पहुंची जानी पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से मोबाइल में इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो भी बरामद हुई आरोपी की पहचान अफसर पुत्र खुशी मोहम्मद कस्बा सिवाल खास के रूप में हुई है। आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## बारिशः किठौर दशहरा मैदान का अनोखा नजारा

# जलकर नहीं गलकर मर गया रावण, लोग मायूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व गुरुवार को जनपद मेरठ के कस्बा किठौर स्थित दशहरा मैदान में हर्षोल्लास से मनाने की तैयारियां चल रही थी कि अचानक शाम 4:30 मौसम ने करवट बदली। रावण दहन का कार्यक्रम बारिश के कारण अधूरा रह गया। लोग रावण के पुतले को जलते देखने के लिए उत्साहित थे लेकिन बारिश ने विघ्न डाल दिया।

रावण का पुतला जलने की बजाय गलकर गिर गया जिससे लोग निराश हो गए। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। किठौर दशहरा मैदान में इस साल दशहरे के मौके पर रावण दहन का कार्यक्रम कुछ अलग ही अंदाज में खत्म हुआ। हर साल की तरह इस बार भी लोग रावण के पुतले को जलते देखने के लिए बेताब थे। मैदान में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे, हर कोई इस पल का गवाह बनना चाहता था। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, सभी इस साल के रावण दहन कार्यक्रम के लिए बहुत उत्साहित थे। रावण के पुतले के दहन को देखने के लिए सब बेसब्र थे, जैसे कि यह एक अद्भुत नजारा हो जिसे हर कोई अपनी आंखों से देखना चाहता है। लेकिन अचानक हुई तेज बारिश ने सबको मायूस कर दिया। रावण दहन के कार्यक्रम के अंतिम चरण में जब पुतले को जलाने का वक्त आया, तभी जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश ने इस पूरे आयोजन पर जैसे ग्रहण लगा दिया। नतीजा यह हुआ कि रावण का पुतला जलकर नहीं, बल्कि गलकर गिर गया। यह देखकर वहां मौजूद लोगों के चेहरों पर मायूसी छा गई। लोग जो इस पल का इंतजार कर रहे थे, उनकी उम्मीदें जैसे धरी रह गई। प्रकृति का एक छोटा सा हस्तक्षेप, यानी अचानक हुई बारिश, ने इस पूरे आयोजन का मिजाज बदल दिया। आयोजकों के लिए भी यह एक चुनौती बन गई क्योंकि पुतले को जलाना मुश्किल हो गया था। लोगों की उम्मीदें धरी रह गई और सबको निराशा हाथ लगी। लोग उदास होकर अपने घर लौट गए। इस दौरान सीओ किठौर प्रमोद कुमार व इंस्पेक्टर बृजेश कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# राष्ट्रपिता गांधी व शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित, आदर्शों पर चलने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर गांधी समाधि स्थल पर मा. कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, अध्यक्ष जिला पंचायत ख्याली राम लोधी, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने गांधी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरान्त राज्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं द्वारा रामधुन का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित सभी को देश की एकता, अखण्डता को बनाए रखने एवं अहिंसा का पालन करने की शपथ दिलाई।










राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर पूरे विश्व को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने न केवल भारत की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाई बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित किए। आज के युवाओं और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी का जीवन सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उनके कार्यकाल में 1965 का भारत-पाक युद्ध हुआ, जिसमें उन्होंने दृढ़ और शांत नेतृत्व प्रस्तुत किया। उन्होंने किसानों और सैनिकों को समान महत्व देते हुए "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया, जो आज भी हर भारतीय को आत्मनिर्भरता और परिश्रम के लिए प्रेरित करता है।

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज का दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह दो महापुरुषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने श्रम के महत्व को समाज के सामने रखा तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का कार्य किया। गांधी जी ने सदैव स्वच्छता पर बल दिया और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा माना।

वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा देकर देश की शक्ति और आत्मनिर्भरता को नई पहचान दिलाई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों, सिद्धांतों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया और उन्हें नमन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी जयन्ती के अवसर पर ध्वज फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा स्कूली छात्राओं द्वारा रामधुन का भी गायन किया गया।

जिलाधिकारी ने रामधुन प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती पर रालोद ने एकता अभियान की शुरुआत की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) रामपुर जिला कार्यालय पर गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी एवं प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए गए।

जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी जी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत तथा समाज में एकता के उनके संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशानुसार रालोद एकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत रालोद के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर धर्म और जाति से ऊपर उठकर एकता का संदेश देंगे।

कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार भारद्वाज द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को दशहरा की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू रुहैलखण्ड क्षेत्रीय महासचिव सुमन सिंह परिहार रुहैलखण्ड महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष



शशि बाला इन सभी वक्ताओं ने सयुक्त रूप से गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन, उनके आदर्शों और उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य प्रमुख उपस्थितियों में शामिल थे। रामपुर महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कुलदीप कौर नगर अध्यक्ष नवाब खान, सुरेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष बिलासपुर असलम अंसारी, अनुराधा, सुधाकर सिंह, हैप्पी, कासिम, कलाव. ती, रामकिशन सागर सहित अन्य पदाधिकारी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी उपस्थित पदाधिकारी गांधी समाधि पर जाकर पुष्प अर्पित कर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम के माध्यम से रालोद रामपुर ने यह संदेश दिया कि हम अपने नेताओं के आदर्शों को याद रखते हुए सद्भाव, एकता और भाईचारे को समाज में फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# पूर्व मंत्री आजम खान व उनके बेटे ने फोन से भाकियू नेता का जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रामपुर भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार की सीतापुर जाते समय तबीयत खराब होने से उनकी हालत बिगड़ गई जिन्हें परिजनों द्वारा उचित उपचार के लिए गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान वह उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम ने फोन करके भारतीय किसान यूनियन के नेता का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। पूर्व मंत्री सपा नेता मोहम्मद आजम खान की सीतापुर जेल रिहाई के दौरान बरेली जाते समय भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार तहसील क्षेत्र के गांव पीपलसाना निवासी सलामत जान की हालत अचानक बिगड़ गई थी जिन्हें परिजनों द्वारा उचित उपचार के लिए गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था इस बात की जानकारी जैसे ही पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान वह उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्लाह आजम को लगी तो उन्होंने सलामत जान को फोन करके उनका हाल-चाल पूछा और अपना अजीज बताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गंगाराम अस्पताल के चिकित्सकों ने भारतीय किसान यूनियन नेता की हालत में सुधार बताया।

# रावण दहन समारोह धूमधाम से मनाया गया

- मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम देख झूम उठे दर्शक
- रावण दहन से पूर्व जमकर हुई आतिशबाजी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को मोहल्ला पुराना गंज में बाल युवा क्लब रजिस्टर्ड रामपुर की ओर से 39 वां रावण दहन समारोह मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृत कपूर जी ने की और इस समारोह के पुरस्कार वितरक जतिन सि दाना द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए इस समारोह में प्रकाश गुप्ता, रविंद्र कुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता भट्टे वाले, गौरव अग्रवाल, रामेंद्र कुमार गुप्ता, दीपक शर्मा, प्रीति गुप्ता, विजय कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन किया व क्लब के संरक्षक दीपक गोयल, अनिल वशिष्ठ, श्याम लाल एडवोकेट, एसके गुप्ता उपस्थित रहे। इस समारोह में झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय झांकी को पुरस्कृत किया गया। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा समाज को एकजुट रहने रहना चाहिए। किसी भी दशा में हम एक रहें। बांटने वालों से बचे। रावण दहन से पूर्व आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया गया। मुंबई से आए हुए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस समारोह में बहुत ही मनमोहक झांकियां महाकाल राधा कृष्ण खाटू श्याम जी दुर्गा जी गणेश जी और राम दरबार की झांकी निकाल गई इसमें महाकाल की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। समारोह में बाहर से भी अतिथि गण शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन कुमार गुप्ता ने किया इस समारोह में जतिन सिडना ने अपनी माता की स्मृति में पुरस्कार वितरण कराए। इस समारोह में अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता रहे व अन्य सदस्य रविंद्र गुप्ता आलोक देवल अभी शर्मा अरुण गुप्ता पंकज गुप्ता वेद प्रकाश देवल गौरव अग्रवाल राजीव प्रजापति निमित्त गुप्ता सचिन गुप्ता, मनोज अग्रवाल, देव गुप्ता, गोपाल गुप्ता केशव गुप्ता वैभव गुप्ता उपस्थित रहे।

# ज्वाला नगर में धू-धूकर जला रावण, गूंजे श्रीराम के जयकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ज्वाला नगर रजा टेक्सटाइल मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला में गुरुवार शाम को रावण पुतला दहन के अवसर पर मेला लगा। जिसका मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर व आसमान में गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान मेला स्तर पर रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया। काफी देर तक युद्ध का मंचन चला। अंत में भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। इसके बाद अग्निबाण छोड़कर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सभी ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान रामलीला मैदान में बच्चों के लिए लगे झूलों पर बच्चों की भीड़ रही। वही चाट पकौड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। बड़ों ने बच्चों को उनके मनपसंद के खिलौने दिलवाए।



इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, विशाल शर्मा, विनोद कश्यप, अनुज यादव, अरुण कीर्ति सक्सेना, संतोष प्रसाद संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता, सचिन सिंह, जगन सिंह लोधी, प्रेमपाल यादव, राजीव लोचन आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उमर फारूक बने भाकियू युवा के नगर महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) की नीतियों से प्रभावित होकर लोग तेजी से संगठन से जुड़ रहे हैं। नगर के मोहल्ला राह. पुरा में आयोजित बैठक में मोहम्मद फारूक,रईस अहमद, भूरा खान व मोहम्मद जकी सहित कई लोगों ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला और युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां ने सभी नए साथियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई और उनका हार्दिक स्वागत किया।उमर फारूक को सर्वसम्मति से भाकियू की युवा नगर कार्यकारिणी में महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया। नए साथियों को संगठन की नीतियों के बारे में बताया गया। साथ ही इन नीतियों पर अमल करते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली, टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, इंतिजार हुसैन, मुकीम अली, जलीस उर्फ भूरा, रईस अहमद, हाफिज सबूर, अब्दुल अलीम, मोहम्मद जकी, मोहम्मद रफीफ और मोहम्मद फैसल आदि मौजूद रहे।

# टांडा में ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करते दो अभियुक्त धरे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा( रामपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर नायक में पुलिस ने गृह स्वामी की सूचना पर ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

ग्राम लोधीपुर नायक निवासी मुकीम पुत्र मुस्तकीम का ट्रेक्टर घर के बाहर खड़ा था।बताते हैं कि बीती रात्रि दो चोर ट्रेक्टर की बैटरी खोलने लगे।आहट पर परिजन जाग गए और घटना की सूचना पुलिस को दी।गश्ती पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गृहस्वामी की मदद से रंगे हाथों चोरों को दबोच लिया।पुलिस ने मौके से चोरों की मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

हिरासत में लिए गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम राजू पुत्र रुपकिशोर निवासी मेवला कलां और दानिश पुत्र अनवार निवासी मेवला धारू थाना टाण्डा बताया।

पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद मकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

# गांधी आश्रम में गांधी जयंती पर नहीं फहराया तिरंगा

- शाहबाद के सैफनी नगर में धरोहर बंद रहा, पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** नगर स्थित श्री गांधी आश्रम खादी भंडार में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नहीं फहराया गया। यह स्थान महात्मा गांधी की धरोहर के रूप में जाना जाता है।

गांधी आश्रम खादी भंडार महात्मा गांधी के आत्म निर्भरता और स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक है। यहाँ चरखे से सूत कातने और खादी वस्त्र बनाने की परंपरा रही है, जो गांधी जी के आदर्शों को जीवंत रखती है।पहले इस आश्रम में महिलाएं चरखा चलाकर सूत कातती थीं और बुनकर कपड़े तैयार करते थे। खादी वस्त्र देश के विभिन्न कोनों में भेजे जाते थे और काफी पसंद किए जाते थे।आमतौर पर गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर तिरंगा पदयात्रा, खादी वस्त्रों पर छूट और अन्य आयोजन किए जाते हैं। हालांकि, इस बार गांधी आश्रम खादी भंडार में ध्वजारोहण नहीं हुआ।गांधी जयंती पर कई खादी भंडारों में 10 से 30 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी दी जाती है। सरकार को इस गांधी आश्रम को अपने कब्जे में लेना चाहिए और दोबारा इनको शुरू कर के देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की धरोहर को बचाना चाहिए।




## राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी ने बापू की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासर्. चव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू क्षेत्रीय महासचिव रो. हलखंड सुमन सिंह परिहार मंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तराना बेगम मुनाजिर हुसैन और अन्य तमाम कार्यकर्ता देश की दूसरी गांधी समाधि पर पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मोहम्मद उस्मान ने बोलते हुए कहा गांधी जी ने अपना पूरा जीवन देश की गरीब जनता के लिए समर्पित किया। राष्ट्रीय लोक दल सभी महापुरुषों का बलिदान याद करता है प्रदेश महासर्. चव उस्मान लाल बहादुर शास्त्री जी को भी नमन किया। कार्यक्रम में तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की ओर नमन किया तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्रों व अन्य कर्मचारियों को अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने शपथ दिलाई वही पुष्पों की माला पहनाकर सफाई मित्रो का स्वागत किया गया।



इस दौरान अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा नरेश कुमार, सचिन कुमार नमनीत, राहुल कश्यप, नवल किशोर, सोमपाल, सभासद भगवती प्रसाद, देवल बृजनंदन सागर, कुलद. ीप मौर्य, जमील अहमद, जितेंद्र कुमार चंद्रा, आरती कश्यप, राज. कुमारी, कुसुम, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा सहित समस्त कर्मचारी गण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्सव पैलेस रामलीला और बन्नू बिरादरी ने निकाली शोभायात्रा

## रामपुर में रावण दहन, गूंजे 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा मैदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विजय दशमी के पावन अवसर पर शहर के उत्सव पैलेस रामलीला मैदान में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की भीड़ इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी। मंच पर राम-रावण युद्ध का रोचक मंचन हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम और रावण के बीच संवाद और युद्ध ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम-रावण युद्ध का दृश्य इतना जीवंत और प्रभावशाली रहा कि मैदान में मौजूद हर व्यक्ति श्रद्धा और रोमांच से भर गया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने धनुष से तीर छोड़ा और रावण का वध हुआ, विशालकाय रावण पुतला धधकती लपटों के साथ धराशायी हो गया। उसी क्षण पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और आतिशबाजी की चमक ने आसमान को रोशन कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना 'हनी' ने कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह सीख देता है कि सत्य की राह कठिन जरूर हो सकती है, लेकिन जीत हमेशा धर्म और न्याय की ही होती है। आज रामपुर वासियों का यह उत्साह हमारे समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखता है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि रावण दहन सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन का पर्व है। हमें अपने जीवन से अहंकार, लोभ और क्रोध जैसी बुराइयों का दहन करना चाहिए और राम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आयोजन में परिवारों, बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, पटाखों और आतिशबाजी के बीच रावण दहन का यह दृश्य रामपुर के लोगों की यादों में हमेशा के लिए बस गया।



## रावण दहन का भव्य आयोजन, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**रामपुर।** परंपराओं और भक्ति के संगम वाला रामपुर शहर विजयदशमी के अवसर पर आस्था और उत्साह से सराबोर दिखा। बन्नू बिरादरी की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर किया। यह शोभायात्रा शास्त्री नगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान कोसी मार्ग पर पहुंची। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयघोषों के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु रामभक्ति में डूबे नजर आए।

रामलीला मैदान पहुंचते ही रावण दहन का बहुप्रतीक्षित क्षण आया। मंच पर राम-रावण युद्ध का सजीव और रोमांचक मंचन हुआ। भगवान श्रीराम ने जैसे ही अपने धनुष से अग्निबाण चलाया, विशालकाय रावण पुतला धधक उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज गया। आतिशबाजी और पटाखों की चमक ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। इस बार आयोजन की विशेषता रही कि जिला प्रशासन ने रामलीला मैदान में दूसरे गेट का निर्माण कराया। जिससे शोभायात्रा पहले गेट से अंदर प्रवेश करती और दूसरे गेट से बाहर निकलती रही। इस नई व्यवस्था ने मेले में भीड़ प्रबंधन को और आसान बना दिया। लोगों ने प्रशासन के इस निर्णय की खुलकर सराहना की। रामलीला कमेटी ने भी जिला प्रशासन का खुलकर धन्यवाद किया। कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने बताया कि जिला प्रशासन से दूसरा गेट बनवाने की मांग कई वर्षों से की जा रही थी जो इस बार पुरी की गई है जिसका हमारी कमेटी जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करती हैं। प्रशासन की इस नई व्यवस्था से हमें भीड़ से होने वाली अफरा- तफरी से राहत मिली। लोग आसानी से घूमे और खरीदारी भी कर सके। हर बार श्रद्धालुओं को बच्चों को लेकर मेले में आना थोड़ा कठिन होता था, लेकिन इस बार व्यवस्थाएं बहुत बेहतर रहीं। यह सिर्फ रावण का दहन नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार का भी उदाहरण है। इससे सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ीं है।

# पेड़ों की छटाई को लेकर आज बिजली आपूर्ति रहेगी बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** पेड़ों की छटाई के चलते 33/11 के वी उपकेंद्र सैफनी एवं पट्टी खरसोल से जुड़े फीडर की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को 5 घंटे बंद रहेगी।

यह जानकारी देते हुए अवर अभियंता रविंद्र मिश्रा ने बताया सप्लाई बंद होने का समय सुबह 7 बजे से 12 बजे तक रहेगा।

# ये देश बापू के आदर्शों पर चलेगा

- सत्य और अहिंसा के सबसे बड़े उपासक महात्मा गांधी जी को नमन
- महान नेता और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सादर नमन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर तोपखाना रोड स्थित किसान कांग्रेस कार्यालय पर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नादिश खां के नेतृत्व में उनके छाया चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों, शास्त्री जी के 'जय जवान-जय किसान' के अमर नारे लगाए सामा. जिक न्याय और देश की जनता के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

नादिश खां ने कहा सत्य, अहिंसा, शांति और समरसता के अमर संदेश से पूरे विश्व को दिशा दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

उनके विचार और आदर्श हमेशा हमें न्यायपूर्ण समाज, समानता और सशक्त लोकतंत्र की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, पिछड़ा वर्ग के शहर अध्यक्ष शाहिद अली एडवोकेट, मोहम्मद आजम, शाहवेज खां, रामगोपाल सैनी, नईम खां, दानिश मियाँ, गौरव कपूर, लव कुमार, अनित कुमार, मोहम्मद फाजिल, अजीममुद्दीन, सुहैल खां, मुस्ववीर खां, बिलाल अंसारी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला: पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा( रामपुर )।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 28 अगस्त की रात करीब 10 बजे पीड़िता अपने घर का दरवाजा बंद कर रही थी, तभी गांव के ही एक व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने पीड़िता को दबोच लिया, उससे छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता के शोर मचाने पर उसकी सास ने तुरंत हस्तक्षेप कर उसे बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लंबे समय से उस पर बुरी नजर रखता था।

घटना की सूचना मिलते ही थाना टांडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरा. पी मोहम्मद हनीफ निवासी सेढू का मझरा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# बुराई का प्रतीक रावण का पुतला धूं-धूं कर जल उठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मिलक।** बुराई का प्रतीक रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा नगर में चल रही रामलीला के आज आखिरी दिन दशहरे के मौके पर रावण के पुतले का दहन किया गया। गुरुवार को शाम छः बजे रामलीला मैदान में राम रावण का युद्ध प्रारंभ हुआ। जिसमे उपस्थित भक्त जनों ने के युद्ध को खूब सराह लगभग 7:00 बजे रावण के पुतले का दहन राम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राम लीला कमेटी के सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह सहित भारी सुरक्षा बल तैनात रहा।

## सैफनी पुलिस ने गांधी जयंती पर राष्ट्र एकता की रक्षा करने की ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** गुरुवार को 2 अक्टूबर गांधी जयंती के सुअवसर पर थाना परिसर में प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने तिरंगा फहरा कर दी सलामी। बताते चले कि 2 अक्टूबर को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई जाती है। इस दौरान सैफनी पुलिस ने राष्ट्र एकता की रक्षा करने की शपथ लेते हुए बताया कि यह दिन भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान को याद करने अहिंसा और सत्य के उनके सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र ने भी 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया है ताकि महात्मा गांधी के दुनिया को बदलने वाले अहिंसक तरीकों को याद किया जा सके।

# गांधी जयंती पर नगरपालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद में गांधी जयंती पर ध्वजारोहण कर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।

इसके तत्पश्चात उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर संग अध्यक्ष साहिबा सरफराज व अध्यक्ष प्रति. निधि हाजी सरफराज आलम द्वारा सभासदों एवं पालिका स्टॉफ के साथ वार्ड नंबर 2 का निरीक्षण किया गया एवं सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।सभी ने मिलकर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और महात्मा गांधी के स्वच्छता के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर पालिका के अवर अभियंता अभिनेष तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी एवं लेखा लिपिक शुभम भारती, सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, शफीक अहमद, मोहम्मद तस्लीम, मेराजुल इस्लाम, सभासद पुत्र शिवप्रसाद सैनी, सभासद मुहम्मद मतीन कुरेशी व सभासद पति मसरुर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर स्थिति का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत व क्षेत्राधिकारी नगर के साथ नगर क्षेत्रान्तर्गत संवे. दनशील स्थानों, प्रमुख बाजारों, व्यस्त चौराहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।



# शहीद भगत सिंह की याद में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव कजरी निरंजनपुर में शहीद भगत सिंह की याद में कबड्डी कप का आयोजन किया जाता हैं। इस 66 वें शहीद भगत सिंह कबड्डी कप का आयोजन 2 अक्टूबर को कजरी निरंजनपुर पूरनपुर पीलीभीत में किया जाता हैं। इस आयोजन में मीरीपीरी गहलुईया और नानक पुरी अफजलगड़ के बीच कबड्डी का मुकाबला हुआ, जिसमें मीरीपीरी गहलुईया ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। मीरीपीरी गहलुईया और नानक पुरी अफजलगड़ के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मीरीपीरी गहलुईया ने खिताब अपने नाम किया। हैरी सिंह पंजाब के मशहूर सिंगर ने मेले में पहुंचकर पंजाबी गाने सुनाकर समा बांधा। रिंकू बाबा जी लुधियाने वाले ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने मेले में पहुंचकर अपना सहयोग और आशीर्वाद दिया। एमएलसी सुधीर गुप्ता ने भी मेले में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



# स्वास्थ्य विभाग की नाकामी, कुछ महीनों पहले एमडी रेडियोलॉजिस्ट अब बन बैठे जनरल फिजिशियन

**अमरिया।** तहसील अमरिया में स्वास्थ्य विभाग की कुछ गंभीर कमियों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा, अयोग्य व्यक्तियों का चयन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कमी शामिल हैं। हाल ही में अमरिया तहसील में हुई कार्रवाई इस बात का जीता जागता प्रमाण है।

भ्रष्टाचार, धांधली और अधिकारियों की लापरवाही के कारण योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है और आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अमरिया कस्बे में संचालित सफिया अस्पताल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां एक डॉक्टर इनकमिंग बार अल्ट्रासाउंड सेंटर सील होने के बाद अपनी डिग्री ही बदल देता है। 27 मई 2025 को द टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित खबर के अनुसार, अमरिया तहसील में चल रहे डायग्नोस्टिक सेंटर को बंद किया गया था। यह सेंटर डॉ. मोहम्मद उमर द्वारा चलाया जा रहा था, जिनसे हरियाणा के रोहतक स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से कथित तौर पर जारी एमडी (रेडियोलॉजी) की फ़र्ज़ी डिग्री का इस्तेमाल करते पाए गए। साथ ही उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल में भी उनका पंजीकरण फ़र्ज़ी निकला यह स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय निगरानी में बड़ी चूक को दर्शाता है। हालांकि, राज्य के मानदंडों के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में पंजीकरण के वक्त सभी प्रमाणपत्रों का गहन सत्यापन ज़रूरी है, परन्तु प्रणालीगत अक्षमताओं और चिकित्सा विश्वविद्यालयों से सहयोग की कमी के कारण इन प्रोटोकॉल का पालन नहीं हो पाता। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया था कि डॉ. मोहम्मद उमर के मामले में रो. हतक पीजीआई से समय पर सहयोग मिलने की वजह से तत्काल कार्रवाई संभव हुई थी। अब चौंकाने वाली बात यह है कि सफिया अस्पताल ने नया बोर्ड लगाकर डॉ. मोहम्मद उमर को जनरल फिजिशियन के रूप में फिर से अस्पताल में दिखाया है।

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होंगी:–

01493/01494 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे वातानुकूलित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) 24 फेरे

| गाड़ी सं. 01493 आगमन | गाड़ी सं. 01493 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01494 आगमन | गाड़ी सं. 01494 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 20:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | --- | 21:25 |

चलने के दिन : 01493 पुणे जं. से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को दिनांक 06.10.2025 से 13.11.2025 तक तथा 01494 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 07.10.2025 से 14.11.2025 तक।

स्थान : 3 टियर वाता.

ठहराव : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – सियालदह – योग नगरी ऋषिकेश त्यौहार विशेष एक्स. रेलगाड़ी (साप्ताहिक) 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04312 आगमन | गाड़ी सं. 04312 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04311 आगमन | गाड़ी सं. 04311 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:10 | 07:18 |
| 07:50 | 08:00 | वाराणसी | 19:05 | 19:15 |
| 23:00 | --- | सियालदह | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 04312 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक तथा 04311 सियालदह से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 13.10.2025 से 17.11.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ्फरपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) 32 फेरे

| गाड़ी सं. 04314 आगमन | गाड़ी सं. 04314 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04313 आगमन | गाड़ी सं. 04313 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:50 | 07:58 |
| 20:46 | 20:48 | बरेली | 05:32 | 05:34 |
| 11:20 | --- | मुज़फ्फरपुर जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04314 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को दिनांक 09.10.2025 से 30.11.2025 तक तथा 04313 मुज़फ्फरपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 10.10.2025 से 01.12.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3047/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चोरी के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन



**रटौल।** ढिकोली के ओवटी मोड़ के समीप अज्ञात चोरो ने 12 नलकूपों पर धावा बोल लाखों रूपये का समान चोरी कर लिया किसानों ने चोरी के विरोध में प्रदर्शन भी किया पीड़ित किसानों ने थानें मे तहरीर दी है। नलकूपों पर लगातार चोरी की घटनाए बढता जा रही है जिससे लेकर किसान परेशान है ढिकोली के ओवटी मोड़ के समीप अज्ञात चोरो ने 12 नलकूपों पर धावा बोल लाखो का समान चोरी कर ले गये किसानों ने बताया कि गांव के ही इन्द्रजीत के दो नलकूप विक्रम सिंह दो नलकूप कर्मवीर, सुरेशपाल, काला, तेजबीर सुभाष, अजित आदि के नलकूपों से चोरो ने ताला तोड़ चोरी की।

# राइस मिलों पर धान खरीद का खेल शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** राइस मिल मालिक सरकारी धान क्रय केंद्रों के खुलने से पहले ही औने-पौने दामों में सीधे धान की खरीद कर रहे हैं। इससे सरकार को लाखों रुपये का चूना लग रहा है। राइस मिल मालिक बिना मंडी शुल्क अदा किए किसानों से सीधे धान खरीद रहे हैं। अब तक हजारों कुंतल धान की खरीद हो चुकी है। सरकारी धान क्रय केंद्र 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले हैं। पीलीभीत में 148 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद की जाएगी। धान खरीद प्रक्रिया 1 अक्टूबर से शुरू होने वाली थी, लेकिन अब यह 3 अक्टूबर से शुरू हो रही है। कुछ राइस मिल मालिकों ने सीधे किसानों से धान खरीद की छूट देने की मांग की है। उनका तर्क है कि इससे किसान और सरकार दोनों को लाभ होगा। हालांकि, इस मांग पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।पहले भी फर्जी खरीद के मामले सामने आए हैं। मैसर्स श्रीजी राइस इंडस्ट्रीज पर सीधे किसानों से धान खरीद का आरोप लगा था। फार्म 6 आर भी जारी नहीं किया गया था और धान का वजन 462. 10 क्विंटल था।

## गांधी शास्त्री की जयंती पर महापुरुषों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पंचायत पकड़िया नौगवा में महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष संदीप कौर/अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। ध्वजारोहण के पश्चात गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के सिद्धांतों तथा शास्त्री जी के "जय जवान, जय किसान" के नारे की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# राम के अग्निबाण से हुआ रावण का अंत

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जनपद में विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामलीला कमेटी द्वारा विभिन्न लीलाओं का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत बुराई का प्रतीक रावण सहित मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले धूं-धूं कर जले। लोगों ने मेले मे जमकर खरीदारी की। बागपत में दिल्ली रोड पर मेले का आयोजन किया गया। राम के तिलक किया गया। इसके बाद रामलीला के विभिन्न संवाद कलाकारों द्वारा पेश किये गये। बाद मे श्रीराम व रावण के बीच युद्ध चला जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय हुई। जीत के बाद आतिशबा. जी से मैदान रंग बिरंगा हो गया और चहुंओर पटाखों की गूंज शुरू हो गई। बाद में श्रीराम व लक्ष्मण ने मेघनाथ, कुंभकरण तथा रावण के पुतले का दहन किया। तीनों पुतले आतिशबाजी के बीच धूं-धूं कर जल उठे। इस दौरान कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।

जनपद में बागपत, बड़ौत व खेकड़ा समेत 14 जगहों पर रावण दहन किया गया। इनमें सबसे ऊंचा बागपत व ललियाना गांव में 60 फीट, खेकड़ा व दोघट में 55 फीट तथा अमीनगर सराय और बिनौली में 50 फीट का रावण का पुतला दहन किया गया। वहीं दहशरा पर्व को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा। बागपत की श्री आदर्श रामल. ीला मंडल बागेश्वर शिव मंदिर पुराना कस्बा का रावण दहन दिल्ली-सहारनपुर रोड़ पर गोल्डन गेट पास किया गया। वहां दहन के लिए रावण का 60 फीट का पुतला बनवाए गए था, इसके अलावा श्री रघुवर रामलीला समिति ने पुतला दहन किया। अग्रवाल मंडी टटीरी में एक जगह पर पुतला दहन किया तो चांदीनगर क्षेत्र में रटौल व ललियाना में पुतला दहन किया किया। ललियाना में दशहरा पर बड़ा मेला लगाया गया, इसलिए वहां ज्यादा भीड़ देखने को मिली। बड़ौत में पुतल का दहन किया गया, जबकि खेकड़ा में काठा रोड रामलीला मैदान में 55 फुट का पुतला दहन किया गया। अमीनगर सराय, नंगला रवा व तितरौदा में भी रावण दहन किया किया गया और बिनौली में बस स्टैंड के पास पुतला दहन किया गया। सभी जगहों पर शाम 8 से 9 बजे के बीच पुतला दहन किया गया।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अहमदाबाद टेस्ट: पहले दिन भारत का स्कोर 121/2




## केएल राहुल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, विंडीज पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इंडिया ने गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 121 रन बनाए। केएल राहुल 53 और कप्तान शुभमन गिल 18 रन पर नाबाद लौटे हैं। राहुल ने टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई है। साई सुदर्शन 7 रन और यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम टी-ब्रेक से पहले 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। विकेटकीपर शाई होप 26 और कप्तान रोस्टन चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह को 3 विकेट मिले। बुमराह घरेलू मैदानों पर सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने। 34वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की 5वीं बॉल को लान्ग की ओर खेला और एक रन दौड़कर फिफ्टी पूरी की। राहुल ने राहुल टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने भारत में 11 फिफ्टी लगाई है। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। खारी पियर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 25वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर साई सुदर्शन 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोस्टन चेज ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। यशस्वी जायसवाल (36 रन) को जैडन सील्स ने कैच कराया। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैडन सील्स ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जस्टिन ग्रीव्स के ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।




## बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन प्रभावित किया। बुमराह एशिया कप में भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को टेस्ट प्रारूप में भी बरकरार रखी। बुमराह ने पहली पारी में तीन विकेट लिए और इसके साथ ही उन्होंने जवागल श्रीनाथ के रिकार्ड की बराबरी कर ली। बुमराह भारत में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले तेज गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने भारत में 24 टेस्ट पारियों में 50 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह से पहले श्रीनाथ ने भी इतनी ही पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर कपिल देव हैं जिन्होंने 25 पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। वहीं, ईशांत शर्मा और शमी ने 27-27 पारियों में ऐसा किया है।

## खेल विशेष

## भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं: माइकल बोहल

**अहमदाबाद, वार्ता।** चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। बोहल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है। श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।

## राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0 का हुआ आयोजन

**● भारत के प्लॉग मैन नीतू दमन विशिष्ट अतिथि थे, यह दौड़ देशभर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया मिशन ने एकल-प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे उपमहाद्वीप में फ्रीडम रन 6-0 का आयोजन किया।

आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और फिटस्पायर, रेड एफएम और रैपिडो के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0' का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के अधिकारियों और व्यक्तियों ने प्लॉग रन में भाग लिया इस दौरान सुबह-सुबह कूड़ा उठाने के साथ-साथ एक छोटी दौड़ भी हुई। इस पहल के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान की अगुवाई खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव ने की। भारत के प्लॉग मैन रिपु दमन विशिष्ट अतिथि थे। यह दौड़ का देश भर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। 'स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर', अर्थात 'स्वच्छता के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य की ओर', की टैगलाइन के साथ, फिट इंडिया फ्रीडम रन में संयुक्त सचिव खेल कुणाल और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप महा. निदेशक मयंक श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

## डीके का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार

**हांगकांग, वार्ता।** दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी-20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा कि हांगक. ांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर




**● हांगकांग सिक्सेज में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है: दिनेश कार्तिक**

प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी: दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगक. ांग। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुता. बिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें कप सेमीफाइनल में खेलेंगी।

## दबंग दिल्ली को हराकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** यूपी योद्धाज अपने हालिया अनुभवों को सीखे हुए सबक में बदलने के इरादे से टेबल-टॉपर्स दबंग दिल्ली केसी एम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। यह मुकाबला 3 अक्टूबर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा और दर्शकों को अटैकिंग कौशल और डिफेंसिव मजबूती का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पिछले मैच में यूपी योद्धाज गुजरात के खिलाफ 27-33 से हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन ने टीम की बढ़ती संतुलन क्षमता को उजागर किया, खासकर रेडिंग व डिफेंस दोनों में। कई खिलाड़ी इस मुकाबले में सामने आए और टीम अब इस प्रतिस्पर्धी आत्मा को लीग लीडर्स के खिलाफ जीत में बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



## चाइना ओपन के सेमीफाइनल में कोको

**बीजिंग, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली। आज यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा कि वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा।

अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी-20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे। अश्विन ने आईएलटी-20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा कि यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था, और अगर मेरी कीमत पूरी नहीं होती है तो मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। अगले राउंड में चुने जाने की हमेशा संभावना थी, लेकिन




उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि थंडर के साथ हुए सौदे के कारण मैं नीलामी से कुछ दिन पहले ही नाम वापस लेने वाला था, लेकिन चूंकि मैंने पहले ही आईएलटी-20 के लिए नीलामी में भाग लेने का वादा कर दिया था, इसलिए मैंने अपना वादा निभाया। हालांकि, मैं अपना आधार मूल्य कम करने के लिए सहमत नहीं हुआ। उन्होंने गुरुवार को इस वेबसाइट से यह भी पुष्टि की कि उन्होंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है।

## आईएल टी-20 के पहले प्लेयर ऑक्शन में अनसोल्ड रहे रविचन्द्रन अश्विन

**दुबई, वार्ता।** दुबई में हुए आईएल टी-20 के पहले ऑक्शन में छह अंकों में अपना बेस प्राइस रखने वाले इकलौते खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन अनसोल्ड रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर का नाम एक्सीलेटर राउंड के दौरान नहीं बोला गया लेकिन इस बात की उम्मीद है कि वह वाइल्ड कार्ड के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बन सकते हैं। एमआई एमिरेट्स और डेजर्ट वाइपर्स दो ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिन्होंने अब तक अपनी वाइल्डकार्ड साइनिंग नहीं की है। पाकिस्तान से बाहर टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को पीसीबी द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद वाइपर्स इकलौती टीम रही जिसने पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए बोलियां लगाई। ऐसा क्यों किया गया इसका कोई कारण सामने नहीं आया है।

## विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं।

## मूलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

**● मूलर ने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला**

**बर्लिन, वार्ता।** वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।

दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था। मुलर को सबसे हालिया उपलब्धि कैनेडियन चैंपियनशिप के साथ मिली, जब व्हाइटकैप्स ने फाइनल में वैंकूवर एफसी को 4-2 से हराकर कॉनकाकाफ चैंपियंस लीग में जगह पक्की की। उन्होंने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला। इसके बाद, उन्होंने सुनहरे '300' से सजा एक छोटा सा केक भेंट करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया। 13 सितम्बर को अपने जन्मदिन के कुछ ही हफ्ते बाद, मुलर ने मजाक में कहा कि अपने माता-पिता से मिलने के दौरान कि मैंने उनसे कहा था, यह मैच का दिन है, जन्मदिन का नहीं।




अपने रिकॉर्ड जीत के बावजूद, मुलर ने कहा कि वह खुद को 'खिताब संग्रहकर्ता' नहीं मानते। तुलना करना बेमानी है। कुछ ने चैंपियंस लीग ज्यादा बार जीती है, तो कुछ ने ज्यादा राष्ट्रीय खिताब। उन्होंने क्रूस के छह चैंपियंस लीग खिताबों और उनके दो खिताबों का जक्रि करते हुए कहा कि मैं मैदान पर भावनाओं के लिए खेलता हूं, खिताबों के लिए नहीं। मुझे इस बात की कद्र है कि हमने साबित कर दिया कि हम कनाडा की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते: मैं अपनी विरासत को बेहतर बनाने के लिए नहीं खेलता।

## अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

**ब्रिसबेन, वार्ता।** दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया।

## विदेशी एथलीटों ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को सईद अफरोज (ईरान) ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 34 स्पर्धा के फाइनल में और सफिया जेलल (अल्जीरिया) ने महिलाओं की गोला फेंक एफ 57 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड बनाए।

यहां जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में सईद अफरोज ने 41.52 मीटर की दूरी नापी और 2024 में कोबे में बनाए गए अपने ही 41.16 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जबकि सफ़िया जेलल ने 11.67 मीटर की दूरी नापी और 2024 में बनाए गए अपने ही 11.62 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यहां स्थापित विश्व रिकॉर्डों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि अब तक 65 नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड स्थापित किए जा चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा के फाइनल में अपने पदार्पण पर भारत के 19 वर्षीय हैनी के लिए यह निराशाजनक रहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

# घर में घिर रहे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब खुद अमेरिका आार्थिक संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है। कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के ऑफिस बंद हो गए हैं। ट्रम्प भले ही हर बार यही कह रहे हों कि उनकी ओर से लगाए गए टैरिफ देशहित में हैं, लेकिन इसका असर अब उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर भी दिखने लगा है। हालात ये हैं कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार अब शटडाउन के हालात से जूझ रही है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद बजट पर सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके बाद सरकारी कामकाज एक अक्टूबर से ठप हो गया है। इस गतिरोध ने पूरे देश में दिक्कतें खड़ी कर दी हैं। हवाई यात्रा से लेकर चिड़ियाघर तक, लगभग हर क्षेत्र इससे प्रभावित दिख रहे हैं। इस शटडाउन से सबसे ज्यादा मार सरक. ारी कर्मचारियों पर पड़ी है। करीब 40 प्रतिशत यानी साढ़े सात लाख कर्मचारी बिना वेतन के घर बैठने को मजबूर हो गए हैं। सुरक्षा और सीमा से जुड़े अधिकारी, अस्पतालों का स्टाफ और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे जरूरी कर्मचारी डडूटी तो करेंगे, लेकिन उन्हें वेतन तभी मिलेगा जब शटडाउन खत्म होगा। पिछले शटडाउन में कई कर्मचारियों ने दूसरी अस्थायी नौकरियां तक पकड़ ली थीं। जब अमेरिकी सीनेट (संसद) से साल का फंडिंग बिल पास नहीं होता, तो कुछ खर्चे रोकने पड़ते हैं। इसे ही शटडाउन कहा जाता है। इस दौरान सरकार के कुछ काम बंद हो जाते हैं। शटडाउन का असर सोशल सिक्योरिटी से लेकर एयर ट्रैवल सहित कई चीजों पर पड़ता है। यह टकराव हेल्थकेयर सब्सिडी और मेडिकेड फंडिंग को लेकर है। ट्रम्प की पार्टी मेडिकेड में कटौती चाहती है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रही है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे खर्च से जुड़े बिल को मंजूरी नहीं देंगे। अमेरिका की सीनेट में फंडिंग बिल पास कराने के लिए 60 वोट चाहिए थे, लेकिन ट्रम्प की पार्टी को सिर्फ 55 वोट ही मिल पाए जबकि विरोध में 47 वोट पड़े। सीनेट में 100 सदस्य हैं, जिनमें 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट्स और 2 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। इस नतीजे से बिल पास नहीं हो सका। बता दें कि साल 2018 में भी ट्रम्प सरकार को ऐसे ही हालात झेलने पड़े थे, जब अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने के लिए फंडिंग नहीं मिल पाई थी। उस वक्त शटडाउन 35 दिनों तक चला था। अमेरिका में नया वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होता है। अगर समय पर फंडिंग बिल पास नहीं हुआ, तो करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी बिना वेतन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं। अमेरिका में हुए शटहाउन का सबसे ज्यादा असर रक्षा विभाग के कर्मचारियों पर पड़ता दिख रहा है। लगभग 3.34 लाख कर्मचारियों को फर्लो पर भेजा गया है, जबकि करीब 4 लाख को ड्यूटी पर रखा गया है।

## भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं



भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है, भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है, चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है, भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं,भारत का सिस्टम बहुत जटिल है, हमारी ताकत इसी विविधता में है, हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते, भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले, भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**


# राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक



पवन सिंह

देश के मेंन स्ट्रीम मीडिया और आई टी सेल ने मिलकर जितना नुकसान भारत का किया है, उतना कोई बदनाम खुफिया एजेंसी ने कर सकी। झूठे नैरेटिव सेट करना और उन्हें फ्लोट करना व मूल सवालों से मुंह चुराते हुए भाग जाना जैसी नापाक हरकतों ने इस मुल्क के सामा. जिक, आर्थिक राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक हितों को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है। अब राहुल गांधी के कोलंबिया दौरे पर एक घटिया नैरेटिव सेट किया जा रहा है। वैसे एक नया फैशन चल निकला है। आपने सवाल पूछें नहीं कि आप देशद्रोही हुए। वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं कि एक क्यूबा जैसे देश के नागरिकों को अमेरिका हथकड़ी लगाकर भेजने की हिम्मत न कर सका लेकिन भारतीयों को जानवरों की तरह सैन्य विमान में भर कर हथकड़ी लगाकर फेंक दिया। भारत की धरती पर सैन्य परिवहन विमान उतरा और भारत सरकार की हैसियत नहीं थी कि रोक ले। एक भी पड़ोसी देश भारत के साथ न खड़ा हुआ। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि एक के बाद एक संवैधानिक संस्थाओं को तबाह क्यों किया गया। वो सब देशद्रोही हैं जो जानना चाहते हैं कि बीफ निर्यात में भारत नंबर वन क्यों हुआ। बीफ कंपनियों से चंदा क्यों लिया। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि पूनावाला के साथ क्या धंधा तय हुआ। राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई। ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था? देवेन्द्र सिंह कहां गायब है? तत्कालीन सीआरपीएफ अभय प्रताप सिंह का छन्नीरामा कैंप को लेकर लिखा गया खत कहां गया? चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है? ऐसा कोई देश आपको विश्व में नहीं मिलेगा जो अपने देश के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के विदेश आगमन पर इवेंट करवाकर ढोल मंजीरे बजवाता हो? उसमें एक दो भावुक होकर रोने वाले कलाकारों की जमात भी होती है। जिन्हें कैमरामैन शानदार तरीके से कवर करते हैं। कभी आपने चीन, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस, जर्मनी के राजनयिकों को फोटोबाजी/शोशेबाजी करते देखा है? विभिन्न देशों के राजनयिक अपने देश के लिए यात्राएं करते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो केवल अपने मित्र के लिए यात्राएं करते हैं। केन्या, आस्ट्रेलिया, लंका का मामला तो खुल ही चुका है। आखिरकार क्या कारण हैं कि भारतियों पर विदेशों में हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं? कभी गो बैक इंडियन्स के नारे नहीं लगे। भारतियों को विदेशों में गजब का सम्मान मिलता रहा और अब अचानक उनसे नफरत क्यों बढ़ गई? रिजर्व बैंक से बार-बार रिजर्व फंड आखिरकार क्यों निकाला जा रहा है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश कैसे बन गया? जब क्रूड आयल सस्ता है तो प्रति लीटर 65-66 रुपये का मुनाफाखोरी क्यों और किसके लिए? इलेक्ट्रोलर बांड का क्या खेल है?

आइए कोलंबिया पर भी बात कर लेते हैं कोलंबिया के साथ न तो भारत का कभी कोई युद्ध हुआ न ही कोलंबिया ने भारत पर कोई टैरिफ ठोका, लेकिन जिस चीन ने भारत को गहरी चोट दी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री आदरणीय मोदी जी आठ बार चीन क्यों गए? केंद्र की सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए? कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है चलो ठीक है लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोजरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आप रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स? भारत के प्रभुत्व वाला सार्क संगठन चीन ने अंदरखाने कैसे भोथरा कर दिया? चीन से आगाह करने वाले वांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया?




जबरदस्त माउंटेन स्ट्राइकर गोरखाओं की सैन्य भर्तियां बंद क्यों? चार साल की सेना में नौकरी क्यों? भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर क्यों?

अब तो कोई पड़ोसी तक नहीं सुनता है। भारत सरकार ने लंका से कहा कि हंबनटोटा बंद. रगाह पर चीन का सबसे शक्तिशाली टोही पोत को लंगर न डालने दे। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा है। लंका ने ठेंगा दिखा दिया। नेपाल चीनी प्रभाव में चला गया। बांग्लादेश और मालदीव कन्नी काट गए। भूटान पर भी जबरदस्त चीनी प्रभाव है। चलते-चलते। अर्थव्यवस्था की छीछालेदर करेंगे। रोजी-रोजगार का सत्यानाश करेंगे। बेरोजगारी को महिमान्वित करेंगे, महंगाई पर खामोश रहेंगे और मुनाफाखोरों के साथ गलबहियां करेंगे। युवा नौकरियां मांगेगा तो लाठीचार्ज करेंगे और फिर कहेंगे कि जनता को भड़काया जा रहा है?

एक चुटकी मैं ले लूं और पूछ रहा हूं कि पीडीपी के साथ सरकार क्यों बनाई? कहीं कोई तो मानक व नैतिकता बरकरार रहती।

**वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मौसम से बचे तो सड़क पर कसैला होता है कश्मीरी सेब



पंकज चतुर्वेदी

बीते कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले। पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पुरे साल की मेहनत को सड़क पर फैंकने को मजबूर कर दिया। हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है लेकिन इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पा रहा है।

भादो विदा हुआ तो पुलवामा, सौपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झुमने लगे। इस समय सारा अपरिवर एकजुट हो कर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा। इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे, जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते। उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें। सौपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था। इस समय यहां सन्नाटा है, जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं हैं। बम्पर फसल ले कर आए किसान कि चिंता है कि दाम सही नहीं मिलेगा। कारण, रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए। डिलेशियस एप्पल के दाम 1200 रुपया पेटी से घट कर 600 हो गए, जबकि जल्दी सड़ने वाले गल्ला और किसेट के तो खरीदार नहीं हैं। मजदूर के पास काम नहीं है तो ढुलाई करने वाले ट्रक चालक इंतजार का रहे हैं कि रास्ते खुलने की खबर आए। अभी 17 सितम्बर से रास्ता खुला तो हफ्ते भर तो जाम में फंसे ट्रकों को निकलने में ही लगेगा। संकट केवल इतना ही नहीं हैं, माल ढुलाई के दाम तिगुने से अधिक हो गए, साढ़े तीन सौ रुपए पेटी। जो ट्रक टूटे फूटे मुगल रोड से जाने को राजी है तो उनका भाडा ज्यादा है। शोपियां से नगर के 48 किलोमीटर वाले हाईवे पर अब सड़क नहीं दिख रही। चारों तरफ सेब की पेटियां और उससे निकलती बदबू का साम्राज्य हैं जिनके बीच कौए उछलते-कूदते दिख रहे हैं। जान लें यह दृश्य पिछले साल भी इसी समय ऐसा ही था।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ का है। बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। हालांकि इस साल कश्मीर में ट्रेन पहुंचने से उम्मीद की एक किरन तो जागी है, लेकिन उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कते हैं। 17 सितम्बर को बड़गाम से आठ बोगियों में सेब लेकर कार्गो पार्सल ट्रेन कोई 23 घंटे में सुबह लगभग सवा छह बजे दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे पहुंची लेकिन वहां से बमुश्किल आधा किलोमीटर आजादपुर मंडी तक माल पहुंचने में पांच घंटे लगे। लालफीता शाही के चलते कंटेनर की चाबी आने, माल ढुलाई के लिए वाहनों की अनुमति आदि में इतना समय लग गया। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी आजादपुर फल-सब्जी मंडी में प्रतिदिन तीन से लेकर साढ़े तीन हजार टन सेब की प्रतिदिन की मांग है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सामान्यत: हर रोज लगभग तीन सौ ट्रक सेब लेकर आजादपुर मंडी पहुंचते हैं। एक ट्रक में औसतन 10 से लेकर 14 टन सेब लाने की क्षमता है। पार्सल ट्रेन में पहले दिन सात बोगी में 161 टन व दूसरे दिन आठ बोगी में 184 टन सेब बड़गाम से दिल्ली पहुंच पाया है। फिर उधर कश्मीर में भे बडगाम से शोपियां की दूरी कोई 57 किलोमीटर है और उसके लिए ढुलाई और मजदूरी देना पड़ता हैं। इससे लागत पर असर पड़ रहा हैं। यदि सेब को दिल्ली के अलावा अन्य किसी शहर को भेजा जाना है तो एक बार फिर नए सिरे से ढुलाई होगी। कश्मीर के कुछ लोगो सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए। इस समय शोपियां, अनंतनाग, नगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मेट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपये होता है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं। वैसे भी किराया उर और बार-बार मॉल ढुलाई के व्यय से बढे दाम बाजार में मिलते नहीं। जान लें सितम्बर में यदि माल रखा तो उसे दिसम्बर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते विपदा में होते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है। फिर कश्मीर के पारम्परिक सेब के मुकाबले में बाजार में वाशिंगटन एप्पल है जो लम्बे समय तक खराब नहीं होता और उसकी उपरी चमक ज्यादा होती हैं।

# मोदी से डरना बंद कीजिए, भागवत से खौफ खाइए



श्रवण गर्ग

देश को किस एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को लेकर ज्यादा चिंतित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह मोहन भागवत की। मोदी की महत्वाकांक्षाएं उनके संघी अतीत पर हावी वर्तमान की भूमिका को देखते हुए नितांत 'व्यक्तिगत' और तात्कालिक स्वार्थ से प्रेरित नजर आती है। दूसरी ओर, हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र की किसी भी कीमत पर स्थापना के प्रति भागवत की प्रतिबद्धता और आक्रामकता को देखते हुए उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा 'सामूहिक' और दीर्घकालिक उद्देश्यों से प्रेरित दिखाई पड़ती हैं। भागवत और मोदी दोनों ने अपने मंतव्य उजागर कर दिए हैं कि वे अनिश्चितकाल के लिए अपने पदों पर बने रहना चाहते हैं। भागवत ऐसा संघ के प्रावधानों के अनुसार करना चाहते हैं और मोदी अपनी इच्छा देश पर थोप कर भी ऐसा करना चाहते हैं। जिस तरह के संकेत मोदी इस समय दे रहे हैं उसके अनुसार उनकी 'इच्छा सत्ता' की आकांक्षा की पूर्ति में भागवत की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है।

भागवत द्वारा जारी संकेतों को 'डीकोड' करना हो तो संघ के उद्देश्यों 'हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यागत मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्श को बढ़ावा देना' की प्राप्ति के लिए मोदी की जरूरत अब क्षीण अथवा समाप्त हो चुकी है। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर भागवत के उत्साह और संगठन के विकास में संघ-प्रमुख के



योगदान के प्रति मोदी द्वारा लगातार व्यक्त किए जा रहे समर्पण भरे उद्गारों को इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ा भी जा सकता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव-परिणामों को लेकर तब किए गए दावों और कार्य-योजना के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को अगर चार सौ सीटें प्राप्त हो ही जातीं तो दोनों नेताओं की भूमिकाएं बदल भी सकतीं थीं। संघ और विपक्ष के भाग्य से वैसा हो नहीं पाया। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों को व्यापक बनाने की रणनीति के पीछे भागवत की इस चिंता को पढ़ा जा सकता है कि तमाम दबावों के बावजूद मोदी अगर नेतृत्व का हस्तांतरण नहीं करते हैं तो संगठन का यथासंभव विस्तार अगले चुनावों (2029) के पहले तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। देश की समस्त महत्वपूर्ण संस्थाओंध्संस्थानों में संघ के स्वयंसेवकों के प्रवेश और उन पर उनके नियंत्रण को लेकर राहुल गांधी कई बार चिंताएं व्यक्त करे चुके हैं। जाहिर है भागवत राहुल गांधी की चिंताओं से भी वाकिफ हैं और स्वयं के इस खौफ से भी कि केंद्र की सत्ता अगर बीजेपी के हाथ से खिसक गई तो उसका संघ के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? अपने शताब्दी वर्ष में संघ की योजना है कि संगठन की शाखाओं की संख्या को साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख तक पहुंच दिया जाए।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अपनी रणनीति के क्रियान्वयन में भागवत ने उन समर्पित और तपे-'तपाए गए' संघी-भाजपाइयों को जोड़ा है जो मोदी से नाराज हैं, जिन्हें लगभग निष्क्रिय 'मार्गदर्शक मण्डल' में खदेड़ दिया गया था। डॉ मुरली मनोहर जोशी को हाल में दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भागवत द्वारा दिया गया सम्मान इसका ताजा उदाहरण है। भागवत जिस मूड में और मोदी जिस मुद्रा में हैं उसके अर्थ यह अर्थ भी निकाले जा सकते हैं कि उपराष्ट्रपति के पद पर संघ-समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से हुई शुरुआत अब थमने वाली नहीं है।

बीजेपी और संघ के क्षेत्रों में अवश्य ही गौर किया गया होगा कि भागवत के पचहत्तरवें जन्मदिन 11 सितंबर पर मोदी ने तो उनकी तारीफ में एक बड़ा आलेख लिखा जिसे देश भर के अखघ्बारों ने 'अनिवार्य' समझकर प्रकाशित भी किया।इसके पूर्व पंद्रह अगस्त को लाल कघ्लि से किए गए अपने संबा. ेधन में मोदी संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर चुके थे। इसके विपरीत 17 सितंबर को जब मोदी ने पचहत्तर वर्ष पूरे किए तो देश पीएम के नाम भागवत के शुभकामना संदेश को तलाशता रह गया। जो नजर आ रहा है वह यह है कि मोदी की कमर संघ के सामने झुक रही है और भागवत का सीना छप्पन इंच का हो रहा है।

सही पूछा जाए तो देश को इस समय मोदी द्वारा सत्ता बचाने के लिए किए जा रहे असफल रक्षात्मक टोटकों से डरने के बजाय भागवत की सफल होतीं आक्रामक रणनीतियों से ज़्यादा खौफ खाना चाहिए। भागवत और मोदी दोनों के बारे में जितना ज्ञान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसमें एक बात उल्लेखनीय रूप से शामिल है कि दोनों ही नेता अपने प्रति व्यक्त किए गए सम्मान-असम्मान का चुकारा करना कभी नहीं भूलते। अत: दोनों नेताओं के बीच दिखाई पड़ रहे परस्पर अथवा एकतरफा सम्मान-प्रदर्शन को किसी आगामी शक्ति-प्रदर्शन के नतीजों तक के लिए 'सीजफायर' ही समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच टकराव बढ़ा

# साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे

### अमेरिकी सीनेट में शटडाउन खत्म करने का बिल दूसरी बार भी खारिज, कई सरकारी ऑफिस बंद हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है।

कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी आफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बाटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के आफिस बंद हो गए हैं। फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े।

इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। इससे पहले मंगलवार को हुई वोटिंग में भी बिल पास नहीं हो पाया था, जिसके बाद अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया। बुधवार देर रात पहले डेमोक्रेट्स के फंडिंग बिल पर वोट डाले गए, जिसमें वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल करना चाहते थे। इसके पक्ष में 46 और विरोध में 53 वोट पड़े। ये बिल भी पास नहीं हो पाया। सीनेट को अगले दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब शुक्रवार को बिल पर एक बार फिर वोटिंग होगी। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया।



- फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई, बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े
- 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और दो निर्दलीय सांसद हैं

**मेजोरिटी लीडर जॉन थ्यून:**

डेमोक्रेट्स ने अपने कट्टर वामपंथी समर्थकों के सामने झुककर संघीय सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर पेट्रोल एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

**माइनॉरिटी लीडर चक शूमर:**

डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन ने हमें शटडाउन की ओर धकेल दिया है। वे अमेरिका के स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा से इनकार करते हैं। रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स को उनकी स्वास्थ्य देखभाल मांगों से पीछे हटने के लिए धमका नहीं पाएंगे।

**स्पीकर माइक जॉनसन:**

यह सब पूरी तरह से टाला जा सकता था। डेमोक्रेट्स को वही साधारण फंडिंग बिल पास करना चाहिए जो हाउस में पास हुआ था। सरकार का खुला रहना या दोबारा खुलना पूरी तरह उनके हाथ में है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था।



चेन्नई। महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं छात्राएं।

## इजरायल ने पूर्व पाक सांसद को किया गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल ने पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुश्ताक अहमद खान को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वे पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ राहत सामग्री से लदे 13 जहाज लेकर गाजा जा रहे थे। इस छापेमारी में ग्रेट समेत 37 देशों के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। ये सभी 47 जहाज वाले समुद्र फ्लोटिला (जहाजी बेड़े) का हिस्सा हैं।

इनका मकसद इजरायल की नाकाबंदी तोड़कर गाजा में मदद पहुंचाना है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी जहाज सुरक्षित रोक लिए गए हैं और यात्री इजरायली बंदरगाह पर भेजे जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी पुष्टि की कि ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। फ्लोटिला के प्रवक्ताओं का कहना है कि यह अभियान गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने और इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने के लिए शुरू किया गया था। प्रवक्ता सैफ अबुकेशेक ने बताया कि अब तक 13 जहाजों को रोका जा चुका है, लेकिन करीब 30 जहाज अभी भी समुद्र में हैं और गाजा पहुंचने के लिए रास्ते में हैं। उन्होंने बताया कि रात 8:30 बजे (गाजा के समय के मुताबिक) कुछ जहाजों को इजरायली फोर्स ने रोककर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कई जहाजों से संपर्क भी टूट गया।

- पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी हिरासत में, राहत सामग्री से लदे जहाज लेकर गाजा जा रहे थे

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के राजदूत पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए

**पेरिस।** दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नकोसिनथी इमैनुएल नाथी मथेथ्वा फ्रांस के पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए हैं। इस हादसे के बाद फ्रांस के वकील उनकी मौत की कड़ियों को जोड़ने के लिए सबूत जुटाने में लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शुरुआती जांच में अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को मथेथ्वा पेरिस के ऊंचे होटल से नीचे गिर गए थे।

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने गांधी जयंती मनाई

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में कार्यरत भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राजदूत अखिलेश मिश्र ने वहां उपस्थित लोगों को बापू के विचारों के बारे में बताया और कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं।

### पिछले तीन दशकों में वृद्धजनों की संख्या दोगुनी हुई

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 1.2 अरब हो गई है और 2050 तक इसके 2.1 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

## कट्टरपंथी को बढ़ावा दे रहा पाक

**जिनेवा।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थाई तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्ईकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

- यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

## कतर पर हमला अब अमेरिका पर माना जाएगा

### इजरायली हमले के बाद ट्रम्प ने सुरक्षा गारंटी दी, नेतन्याहू से माफी भी मंगवाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर कतर पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा। आदेश में कहा गया है कि कतर पर हमला अमेरिका की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाएगा।

इसमें यह भी जोड़ा गया है कि हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, आर्थिक हों या फिर जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई ही क्यों न करनी पड़े। इजरायल ने 9 सितम्बर को दोहा में हमास आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ट्रम्प पर कतर की सुरक्षा का दबाव बढ़ गया था। इसके बाद ट्रम्प ने 29 सितम्बर को इजरायली पीएम नेतन्याहू से कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को फोन कराकर माफी भी मंगवाई थी। नेतन्याहू तब ट्रम्प ने मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने इससे जुड़ी तस्वीरें भी जारी की। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के फैसले के बाद कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कतर के मशहूर चैनल अल-जजीरा ने इसे इजरायली हमले के बाद सुरक्षा की अमेरिकी गारंटी करार दिया। इससे पहले ट्रम्प ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से भी फोन पर बातचीत भी की। हालांकि व्हाइट हाउस ने बातचीत की डिटेल शेयर नहीं की, लेकिन कतर ने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा युद्ध में सीजफायर की कोशिशों पर चर्चा की ट्रम्प के कतर को सुरक्षा गारंटी देने की अहमियत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में आमतौर पर किसी भी रक्षा संधि को कानूनी रूप से मान्यता देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कई बार राष्ट्रपति खुद ही ऐसे समझौते कर लेते हैं, जैसे बराक ओबामा ने संसद की मंजूरी के बिना ही 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। लेकिन आखिर में सैन्य कार्रवाई करना या न करना पूरी तरह राष्ट्रपति के हाथ में होता है। यही वजह है कि ट्रम्प के इस आदेश को लेकर संदेह बना हुआ है, क्योंकि पहले भी उनके कार्यकाल में नाटो जैसे पुराने समझौतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ चुके हैं। ट्रम्प के फैसले की अमेरिका में आलोचना भी हुई। ट्रम्प की करीबी और विवादित दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं कतर के लिए मरना नहीं चाहती, क्या आप चाहते हैं?' वाल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय बोर्ड ने भी इसे बिना सार्वजनिक बहस के अचानक लिया गया फैसला बताया।



**हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, या आर्थिक हों**

## 130 फलस्तीन एक्शन समर्थकों पर आतंकवाद का लगा आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में प्रतिबंधित फिलीस्तीन समर्थक समूह 'फिलीस्तीन एक्शन' के 134 समर्थकों पर आतंकवादी संगठन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। लंदन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस समूह को ब्रिटेन में उस समय आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था जब फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन जुलाई में शुरू किए गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कल एक बयान में कहा कि कुल 20 और लोगों के खिलाफ आरोप लगाये गए है। मेट के आतंकवाद निरोधी कमान के अधिकारियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित समूह फलस्तीन एक्शन को समर्थन देने की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## POK में 25 पाक सैनिकों को बंधक बनाया

### सब्सिडी कटौती का विरोध तय हुआ, सेना के रास्ते बंद किए, आंदोलन में 10 की मौत, 100 घायल

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओ.के) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कल बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं- पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शन का पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रहा। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है। जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा-यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है।



## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को किया बेनकाब

### मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है। दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए। गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितम्बर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं। पीओके में बिजली की दरों में कमी, सब्सिडी वाले गेहूं के आटे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा जैसी मांगों को लेकर कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

- भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर किया

## 500 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाले पहले शख्स बने मस्क



**वाशिंगटन।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह उपलब्धि उन्हें टेस्ला के शेयरों में तेजी और उनकी दूसरी टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते मूल्यांकन की वजह से मिली। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार, बुधवार शाम सवा चार बजे (पश्चिमी समयानुसार) तक मस्क की संपत्ति 500.1 अरब डॉलर थी। मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टेस्ला से जुड़ा है। 15 सितम्बर तक मस्क के पास टेस्ला में 12.4 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी। टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 14 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं और इसमें 3.3 फीसदी की और तेजी आई, जिससे मस्क की संपत्ति में एक दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ। साल की शुरुआत में टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। लेकिन अब उनमें फिर से मजबूती आई है। निवेशकों का भरोसा तब और बढ़ा, जब मस्क ने फिर से अपने कारोबार की ओर ध्यान देना शुरू किया है। टेस्ला के निदेशक मंडल की अध्यक्ष राबिन डेनहोल्म ने पिछले महीने कहा था कि मस्क अब कंपनी में फिर से पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। इससे पहले वह कुछ महीनों तक व्हाइट हाउस से जुड़े कामों में व्यस्त थे। इसके कुछ ही दिन बाद मस्क ने करीब एक अरब डॉलर के टेस्ला शेयर खरीदने की जानकारी दी, जो टेस्ला के भविष्य को लेकर उनके मजबूत भरोसे को दिखाता है। कंपनी अब पारंपरिक कार निर्माता से आगे बढ़कर एआई और रोबोटिक्स की दुनिया में बड़ी ताकत बनने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कारों की घटती बिक्री और लगातार मुनाफे पर दबाव की वजह से टेस्ला के शेयरों को नुकसान हुआ है। इसी कारण श्मैग्निफिसेंट सेवनश कहे जाने वाले बड़ी टेक कंपनियों के समूह में इसके शेयर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक रहे हैं। टेस्ला के निदेशक मंडल ने पिछले महीने एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़ रुपये) की मुआवजा योजना प्रस्तावित किया था

**फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार एक ही दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा**

## पीओके में गोलीबारी में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुजफ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुजफ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुजफ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे।

